"वक्त से साथ चलना
कोई ज़रूरी नही, सच के
साथ चलिए एक दिन वक्त
आपके साथ चलेगा !!"

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
नये जमाने के साथ..
यश भारत
• वर्ष- 17 अंक 201- • जबलपुर • मंगलवार, 22 अगस्त, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • श्रावण शुक्ल पक्ष 6 • विक्रम संवत् 2080 शके 1935

खतरों के खिलाड़ी 13... पेज 7

आज का मौसम

आज सुबह का तापमान
23.7 डिसे
दोपहर 12 बजे तक
28 डिसे
मौसम शुष्क रहेगा

» न्यूज गैलरी

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए दक्षिण अफ्रीका रवाना हुए पीएम मोदी

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हो गए। पीएम मोदी जोहांसबर्ग में आयोजित होने जा रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।यह 15वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन है जो 22 से 24 अगस्त तक जोहांसबर्ग में आयोजित किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात हो सकती है।यह बैठक इसलिए खास है, क्योंकि सऊदी अरब, ईरान, अर्जेंटीना, बांग्लादेश जैसे 23-24 देशों ने ब्रिक्स का सदस्य बनने की इच्छा प्रकट की है। इनमें कई भारत के सहयोगी राष्ट्र हैं। भारत भी ब्रिक्स के विस्तार को लेकर सकारात्मक दिख रहा है। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। जोहांसबर्ग में हो रही यह 15वीं शिखर बैठक है। पहली बार पांचों देशों के शीर्ष नेता इस संगठन के विस्तार पर फैसला करेंगे।

जॉर्जिया चुनाव में धोखाधड़ी मामले में गुरुवार को आत्मसमर्पण करेंगे ट्रंप



वॉशिंगटन • एजेंसी
yashbharat.co.in

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जॉर्जिया चुनाव में धोखाधड़ी के मामले में गुरुवार को आत्मसमर्पण करेंगे। सोमवार को ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि उन्हें कट्टर वामपंथी जिला अटॉर्नी फानी विलिस द्वारा गिरफ्ता किया जाएगा। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप और 18 अन्य लोगों के खिलाफ जॉर्जिया चुनाव में गड़बड़ी करने और चुनाव नतीजों को पलटने की कोशिश के आरोप में बीते हफ्ते ही आरोप तय किए गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप पर 2020 में जॉर्जिया में अपनी चुनावी हार को पलटने के कथित प्रयासों, धोखाधड़ी, गुंडागर्दी समेत 12 आरोप लगे हैं।

रांची फ्लाइट में शख्स करने लगा खून की उल्टी, नागपुर में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

नागपुर • ईएमएस
yashbharat.co.in

इंडिगो एयरलाइंस की मुंबई- रांची फ्लाइट में देर रात एक यात्री की तबियत अचानक खराब हो गई. इसके बाद फ्लाइट को इमरजेंसी में नागपुर लैंड कराया गया. मगर यात्री की हॉस्पिटल ले जाते समय मौत हो गई. इसके बाद फ्लाइट को रांची के लिए भेजा गया. बताया गया कि मुंबई से रांची जा रही इंडिगो की उड़ान में सवार एक 62 साल के यात्री की उड़ान के बीच में ही खून की उल्टी होने के बाद मौत हो गई. किसी इमरजेंसी से निपटने के लिए नागपुर हवाई अड्डे पर तैनात KIMS-किंग्सवे अस्पताल की मेडिकल टीम ने पैसेंजर का इलाज किया, मगर उसे बचाया नहीं जा सका.बताया गया कि रात करीब 8 बजे मुंबई से रांची की इंडिगो फ्लाइट में यात्री देवानंद तिवारी को खून की उल्टी होने लगी थी. अस्पताल की ओर से जारी एक प्रेस बयान में कहा गया कि यात्री तपेदिक और क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित था. उसने विमान में बड़ी मात्रा में खून की उल्टी की और उनको मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया।

शुभांक -4-6-1

पीओके में घुसे 15 कमांडो, 4 आतंकी कैंप तबाह, 8 आतंकी ढेर

सेना ने बताया- क्यों ये सर्जिकल स्ट्राइक नहीं

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर एक बार फिर आतंकी कैंप को तबाह कर दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, करीब 15 भारतीय कमांडो ने राजौरी व पुंछ जिलों के मध्य से नियंत्रण रेखा के पार जाकर पाक अधिकृत कश्मीर के कोटली के नकयाल में सक्रिय आतंकियों के चार लांचिंग पैड को तबाह कर दिया है। भारतीय कमांडो की इस कार्रवाई में 8 आतंकियों के मारे जाने की भी सूचना है।

आतंकी शिविरों पर कार्रवाई

पाक अधिकृत कश्मीर के कोटली क्षेत्र में आतंकियों के शिविरों पर बड़ी कार्रवाई के लिए 12 से 15 कमांडो ने शनिवार रात पैदल ही सीमा पार की थी। आतंकी कैंप तबाह करने के बाद सभी जांबाज कमांडो सकुशल वापस लौट आए हैं।

बड़े हमले की तैयारी में थे आतंकी

सैन्य सूत्रों के मुताबिक, वक्क्ष्य में मौजूद आतंकी कैंप में बड़े आतंकी हमले की तैयारी की जा रही थी। यह हमला राजौरी या पुंछ में किया जा सकता था। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को पुख्ता सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियों को पुख्ता सूचना मिली थी कि रब्रष्ट के पार इन लांचिंग पैड में बड़े हमले की योजना तैयार की जा रही है। इन लांचिंग पैड पर पाकिस्तानी सेना, उसकी खुफिया एजेंसी ISI और बैट टीम की हलचल भी बढ़ गई थी। वहीं समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, पाक अधिकृत कश्मीर के कोटली जिले के पुलिस अधीक्षक रियाज मुगल ने कहा है कि भारतीय सेना की गोलीबारी में खेत में काम कर रहे एक बुजुर्ग की मौत हुई है। पाकिस्तान पिछली बार की तरह अभी भी आतंकी गतिविधियों को छिपाने का प्रयास कर रहा है।

आतंकी घुसपैठ रोकी

इधर भारतीय रक्षा मंत्रालय ने सर्जिकल स्ट्राइक के दावों का खंडन करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह कोई सर्जिकल स्ट्राइक नहीं थी, जैसा कि दावा किया गया है। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि सोमवार की सुबह 2 आतंकवादियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ करते देखा गया था, जिन्हें भारतीय कमांडो ने सफलतापूर्वक रोक दिया था।

पुंछ में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो घुसपैठिये ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद

जम्मू-कश्मीर सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने पुंछ के बालाकोट सेक्टर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। अलर्ट सुरक्षाबलों ने दो घुसपैठियों को मार गिराया है। मारे गए घुसपैठियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना ने पुंछ जिले के बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर दो आतंकवादियों को मार गिराया और घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।सुरक्षा बलों ने एक एके 47, दो मैगजीन, 30 राउंड, दो हथगोले और पाकिस्तान मूल की दवा सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया।

उमरिया के घोघरी घाट पर बड़ा हादसा टला

अनियंत्रित होकर चट्टान में फंसी बस खाई में गिरने से बची ,तीन छात्राएं घायल

जबलपुर से छात्राएं जा रही थीं शहडोल

उमरिया • यशभारत
yashbharat.co.in

छात्राओं से भरी एक बस उमरिया के कोतवाली थाना अंतर्गत घोघरी घाट में अनियंत्रित होकर चट्टान में जा फंसी और नीचे गहरी खाई में पलटने से बच गई। यदि यह बस पलट जाती तो बड़ा हादसा होता और कई छात्राओं की जान जा सकती थी। तीन छात्राएं घायल हैं। ये बस जबलपुर से कंप्यूटर कोर्स करने वाली छात्राओं को लेकर शहडोल जा रही थी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि छात्राओं से भरी बस क्रमांक एमपी 04 पीए 4024 देर रात करीब अनियंत्रित होकर खाई के बगल में तिरछी होकर फंस गई।प्रभारी कोतवाली थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा ने बताया कि बस में शहडोल और बुढ़ार की वे आदिवासी छात्राएं थीं जो जबलपुर हॉस्टल में रह कर महिला सशक्तिकरण के तहत 6 माह का कम्प्यूटर कोर्स कर रही हैं। शहडोल में 23 अगस्त को प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कालेज के संचालक द्वारा सभी बच्चियों को शहडोल भेजा गया था। यह सभी छात्राएं रेडियंट कालेज जबलपुर से कम्प्यूटर परीक्षा देकर वापस शहडोल आ रही थीं, इसी बीच घोघरी घाट पर बस अनियंत्रित होकर खाई में पलटने लगी लेकिन छात्राओं के भाग्य से नीचे जाकर किसी चट्टान में तिरछी फंस गई।



घटना का कारण अज्ञात

बस अनियंत्रित कैसी हुई इसकी जानकारी अभी नहीं लग पाई है। पुलिस का अनुमान है कि संभवत चालक को झपकी आ गई होगी जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर पलटने लगी। हालांकि यह जानकारी भी सामने आ रही है कि संभवत बस में कोई तकनीकी खराबी आ गई थी जिसके कारण हादसा होते-होते टल गया। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और कार्रवाई कर रही है।

सभी की सुरक्षित उमरिया पहुंचाया

पुलिस के अनुसार बस में 45 के आसपास सवार छात्राओं में तीन छात्राएं घायल हुई हैं। जिसमें नंदिनी मराबी पुत्री सुरेश मराबी निवासी ग्राम कठौतिया, काजल कोल पुत्री उमेश कोल निवासी मंडी खुर्द थाना धनपुरी और रोशनी कोल पुत्री नंद लाल कोल निवासी ग्राम केरहा थाना सिंहपुर घायल हुई है। जिसमे एक छात्रा को कुछ अधिक चोट आई है और 2 छात्राओं को हल्की चोट आई है। घायल छात्राओं को इलाज के लिए एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल उमरिया पहुंचाया गया है। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस के साथ बिलासपुर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची गई और सभी छात्राओं को सुरक्षित उमरिया पहुंचा दिया गया। वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा सभी के सामान को भी वहीं एक व्यवसायी का कमरा खुलवा कर सुरक्षित करवा दिया गया है।

परसाई की लगेगी मूर्ति, नाम पर होगी सड़क

राज्य सभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा के ट्वीट पर महापौर का निर्णय, साहित्यजगत ने भी की थी मांग

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in

हिन्दी जगत के महानतम व्यंगकार श्री हरिशंकर परसाई के नाम पर उनके निवास स्थान के सामने वाली सड़क के नामकरण की सहमति एमआईसी में हो गई है। यह सहमति सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा के द्वारा किए गए ट्वीट के बाद नगर निगम द्वारा जताई गई है। इसके अलावा परसाई जी की मूर्ति भी लगेगी और कार्यक्रम भी होंगे।

जबलपुर से था नाता

परसाई जी जबलपुर, रायपुर से निकलने वाले अखबार देशबंधु में पाठकों के प्रश्नों के उत्तर देते थे। स्तंभ का नाम पूछिए परसाई से। धीरे,,धीरे इनका दायरा अंतर्राष्ट्रीय हो गया। लोग इनके सवाल,, जवाब पढ़ने के लिए अखबार का इंतजार करते थे।आपने जबलपुर में दो वर्ष (1941-43) में स्पेस ट्रेनिंग कॉलेज में शिक्षण कार्य का अध्ययन किया।1943 में मॉडल हाई स्कूल में अध्यापक रहे।1952 में यह सरकारी नौकरी छोड़ी। 1953 से 1957 तक प्राइवेट स्कूलों में नौकरी की। 1957 में नौकरी छोड़कर स्वतन्त्र लेखन की शुरुआत की। जबलपुर में वसुधा नाम की साहित्यिक मासिक निकाली। कहानियों, उपन्यासों एवम निबंध, लेखन के बावजूद व्यंगकार के रूप में विख्यात थे।

ये ट्वीट किया

राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने ट्वीट करते हुए कहा है कि परसाई जी का आज जन्म दिवस है। दुख का विषय है कि जबलपुर के नाम को विश्व में उन्होंने सम्मान दिलाया लेकिन उनके नाम पर जबलपुर में कोई सड़क नहीं है।

सड़क बनेगी

राज्य सभा सदस्य विवेक तन्खा के ट्वीट और साहित्य जगत की मांग को संज्ञान में लिया गया है।परसाई जी के निवास स्थान के सामने वाली रोड का नामकरण परसाई जी के नाम पर होगा। एमआईसी की स्वीकृति हो गई है। इसके अलावा परसाई जी की मूर्ति लगाने और उनके कार्यक्रम की स्वीकृति के लिए एमआईसी में प्रस्ताव रखा है।

जगत बहादुर सिंह अन्नू, महापौर

मुख्यमंत्री आवास कार्यालय में शिवराज कैबिनेट की बैठक शुरू

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक सीएम हाउस कार्यालय समत्व भवन में वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री शिवराज ने बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि आज शाम मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना लांच की जा रही है। प्रसन्नता का विषय है कि 8 लाख 50 हजार युवाओं ने इस योजना में पंजीयन करवाया है। इनमें से लगभग 14 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए किन-किन संस्थानों में जाना है, इसके स्वीकृति पत्र प्रदान किए जाएंगे ।आज से ही यह योजना गति पकड़ लेगी। सीएम शिवराज ने कहा कि यह अपने आप में एक अद्भुत योजना है, जो युवाओं को सीखने के लिए प्रेरित करती है ताकि उन्हें स्थाई नौकरी मिल सके।

4 दिन में समुद्र किनारे से 250 किलो ड्रग्स जब्त

मुंबई • एजेंसी
yashbharat.co.in

रत्नागिरी के समुद्र किनारे 4 दिन में चरस के पैकेट मिले हैं, जिनका वजन 250 किलो बताया जा रहा है। ड्रग्स पाकिस्तान और अफगानिस्तान से लाए जाने की आशंका जताई जा रही है। 14 अगस्त को गश्त के दौरान सीमा कर विभाग के अधिकारियों को रत्नागिरी में समुद्र किनारे 14 संदिग्ध पैकेट मिले थे, जिनका वजन करीब 12 किलो था। जांच करने पर अच्छी क्वालिटी की चरस पाई गई। इसके बाद समुद्र तटों पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसके बाद, 15 अगस्त को लाडघर समुद्र तट पर 35 किलो, 16 अगस्त को केल्शी समुद्र किनारे पर 25 किलो और कोलथार समुद्र किनारे 13 किलो, 17 अगस्त को क्रीक से 14 किलो, 101 किलो और 22 किलो चरस बरामद की गई।दापोली सीमा शुल्क के सहायक आयुक्त श्रीकांत कुडालकर ने बताया है कि तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने समुद्र तट पर रहने वाले स्थानीय लोगों से अपील की है कि संदिग्ध बैग मिले, तो संपर्क करें। इस मामले में अब तक लगभग 10 लोगों को रडार पर रखा गया है। करोड़ों की ड्रग्स मिलने से जांच एजेंसियों की नींद उड़ गई है।अब तक की कार्रवाई में सीमा शुल्क विभाग ने रत्नागिरी जिले के तट से 222 किलोग्राम तक चरस जब्त की है, तो रत्नागिरी पुलिस ने 37 किलो गांजा जब्त किया है। बताया जा रहा है कि इन पैकेट्स पर अफगानिस्तान का जिक्र है। कुछ दिन पहले गुजरात के तटीय इलाकों में भी चरस के पैकेट मिले थे, इसलिए रत्नागिरी पुलिस ने गुजरात पुलिस से संपर्क किया है।बताया जा रहा है कि दापोली तालुका के करदे लाडघर, केल्सी, कोलथारे, मुरुड, बुरुंडी, दाभोल बंदरगाहों और गुहागर तालुक के बोरिया बंदरगाह, रत्नागिरी पुलिस और सीमा शुल्क विभाग में इस तरह से पाए गए हशीश के पैकेट्स पर अफगानिस्तान काऋहै।

मुंबई बम धमाकों के बाद फिर चर्चा में कोकण तट

चंद्रयान-3 की लैंडिंग से दो घंटे पहले होगा फैसला

स्थितियां अनुकूल नहीं होने पर टल सकती है लैंडिंग

बैंगलुरू • एजेंसी
yashbharat.co.in

चंद्रयान-3 की लैंडिंग को लेकर ताजा अपडेट सामने आया है। इसरो के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के डायरेक्टर नीलेश एम देसाई ने कहा कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग को लेकर अंतिम फैसला, 23 अगस्त की लैंडिंग से दो घंटे पहले लिया जाएगा। अगर मॉड्यूल की सेहत या चंद्रमा की परिस्थितियां, सफल और सुरक्षित लैंडिंग के अनुकूल नहीं हुई तो ये प्रोसेस रोक दिया जाएगा और 27 अगस्त को फिर से लैंडिंग का प्रयास होगा। वैसे उन्होंने उम्मीद जताई कि 23 अगस्त को इसकी लैंडिंग में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए।23 अगस्त का दिन तयइसरो ने अब तक 23 अगस्त की शाम 6.04 बजे चंद्रयान-3 की लैंडिंग का समय तय कर रखा है। 23 अगस्त को सूर्य के पहली किरण के साथ ही विक्रम लैंडर को चंद्रमा की धरती पर उतारने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस बीच, इसरो ने एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसरो ने अपने ताजा ट्वीट में जानकारी दी कि चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर और चंद्रयान-3 के लैंडर के बीच सम्पर्क हो गया है। चंद्रयान-2 चार साल पहले छोड़ा गया था और तब से चंद्रमा की कक्षा के चक्कर काट रहा है।

देश के लिए महान पल: करीना कपूर

जानी-मानी कलाकार करीना कपूर भी चंद्रयान-3 की लैडिंग को लेकर उत्साहित दिखीं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये देश के लिए महान पल है और सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। मैं भी अपने बच्चों के साथ इसकी लैंडिंग को देखूंगी।

ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा का धमाल, वर्ल्ड कप के फाइनल में

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया है. उन्होंने फिडे चेस वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में जगह बना ली है. वे विश्वनाथन आनंद के बाद ऐसा करने वाले पहले भारतीय हैं. प्रज्ञानानंदा सबसे कम उम्र में फाइनल में जगह बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं. वे अभी सिर्फ 18 साल के हैं. सेमीफाइनल में प्रज्ञानानंदा ने 31 साल के अमेरिका के फाबियानो करूआना को हराया. फाइनल में अब भारतीय चेस मास्टर की भिड़ंत 5 बार के चैंपियन नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से होगा. खिताबी मुकाबला आज से शुरू होगा.आर प्रज्ञानानंदा के पिता रमेशबाबू बेटे के प्रदर्शन से काफी गदगद दिखे. प्रज्ञानानंदा की मां नागलक्ष्मी बेटे के साथ अजरबेजान में हैं. रमेशबाबू ने बताया कि हम बेटे के प्रदर्शन से बेहद खुश हैं.इससे पहले प्रज्ञानानंदा ने जीत के बाद कहा कि मुझे खिताबी मुकाबले में मैग्नस से खेलने की उम्मीद नहीं थी. क्योंकि मैं उससे केवल फाइनल में ही खेल सकता था. उन्होंने बताया कि मुझे फाइनल में पहुंचने की उम्मीद नहीं थी. प्रज्ञानानंदा ने इसी के साथ 2024 में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह बना ली है।

आयोजन

पिछोर में 409 करोड़के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

एक वर्ष में बहनों के खातों में पहुँचेंगे 15 हजार करोड़ : मुख्यमंत्री

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाड़ली बहना योजना में सवा करोड़ बहनों के खाते में राज्य सरकार हर माह एक हजार रूपए डाल रही है। एक वर्ष में बहनों के खातों में 15 हजार करोड़ रूपए पहुँचेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान शिवपुरी जिले के पिछोर तहसील मुख्यालय पर लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि माताओं-बहनों के चेहरे पर मुस्कान लाने की योजना है लाड़ली बहना योजना। योजना में एक हजार की राशि को धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रूपये प्रतिमाह तक किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछोर को जिला बनाने की मांग पर गंभीरता से विचार किया जायेगा। मध्यप्रदेश सरकार जनता के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में लाड़ली लक्ष्मी योजना और अब लाड़ली बहना योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। किसानों को सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। विभिन्न सिंचाई योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। पिछोर की सनघटा सिंचाई परियोजना 150 करोड़ रूपए की लागत से पूरी होगी और 10 हजार किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में न केवल देश और विश्व में बल्कि अब चंद्रमा पर भी चंद्रयान के माध्यम से भारत का ध्वज लहरायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि और गरीब कल्याण की अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश, देश भर में अग्रणी बना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 409 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान पिछोर आए हैं तो 400 करो? रूपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात लेकर आए हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में 100 बिस्तर का अस्पताल, 150 करोड़ रूपए की सिंचाई परियोजना के साथ ही अन्य विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। सनघटा सिंचाई परियोजना पूरी होने से पिछोर क्षेत्र भी पंजाब की तरह हरा-भरा हो जायेगा।

भोपाल में आज सीएम शिवराज करेंगे मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का शुभारंभ

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को भोपाल में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना का शुभारंभ करेंगे। प्रशिक्षण के लिए कंपनियों द्वारा चयनित प्रत्येक जिले के अभ्यर्थी एकत्र होंगे, मुख्यमंत्री उन्हें अनुबंध पत्र वितरित करेंगे। योजना के अंतर्गत युवाओं को आन द जाब ट्रेनिंग (ओजेटी) के साथ आठ हजार से 10 हजार रुपये स्टाइपेंड दिया जाना है।शासकीय महात्मा गांधी विद्यालय, भेल, भोपाल तक चयनित युवाओं को लाने के लिए तीन विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है। तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग को चार हजार 750 अभ्यर्थी, उच्च शिक्षा विभाग को पांच हजार, जनजातीय कार्य विभाग को छात्रावासों से चार सौ अभ्यर्थियों को लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कोविड से डिस्चार्ज होने के बाद 6.5प्रश लोग चल बसे, ICMR की स्टडी में हुआ खुलासा

नई दिल्ली • एजेंसी
yashbharat.co.in

कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान जिन लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण का गंभीर प्रभाव हुआ था और उन्हें 14 दिन या उससे ज्यादा अस्पताल (hospital) में भर्ती रहना पड़ा था, उनमें से 6.5 फीसदी लोगों की एक साल के भीतर मृत्यु हो गई। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) के एक अध्ययन में यह बात समाने आई है। हालांकि इनमें से 73.3 फीसदी लोग ऐसे थे जो कम से कम एक या एक से अधिक बीमारियों से ग्रस्त थे। नेशनल क्लिनिकल रजिस्ट्री फॉर कोविड-19 के शोधकर्ताओं ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित 31 अस्पतालों में गंभीर रूप से भर्ती रहे लेकिन बाद में स्वस्थ हुए मरीजों की एक साल तक निगरानी की। यह सिलसिला फरवरी 2023 तक जारी रहा। इस दौरान कुल 14419 मरीजों से हर तीन-तीन महीने में संपर्क किया गया। इस अध्ययन में पाया गया कि एक साल में 6.5 फीसदी यानी 952 मरीजों की मृत्यु हो गई। यह अध्ययन इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च के ताजा अंक में प्रकाशित हुआ है।

जबलपुर, मण्डला, कटनी, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

» न्यूज गैलरी

हितकारिणी दन्त चिकित्सा महाविद्यालय की छात्रा ने प्रदेश में प्राप्त किया पहला स्थान

जबलपुर यश भारत। हितकारिणी दन्त चिकित्सा महाविद्यालय की छात्रा डॉ. निकिता सैनी ने मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की एम. डी. एस. प्रथम वर्ष सत्र 2022-23 के वार्षिक परीक्षा में मैरिट सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डॉ. निकिता सैनी सम्मति सैनी एवं विमलेश सैनी की सुपुत्री है। महाविद्यालय में एम. डी. एस. प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा । विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हितकारिणी सभा के सचिव विश्व मोहन महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी , अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा ने इस सफलता पर शुभकामनाये दीं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

आर्थिक मदद के लिए दिव्यांग पहुंचा अपर कलेक्टर के पास

जबलपुर,यशभारत। ड्यूटी के दौरान हादसे का शिकार हुआ दिव्यांग लाइनमैन अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपर कलेक्टर नीता राठौर के पास आर्थिक मदद के लिए पहुंचा। जिसका मांग पत्र अपर कलेक्टर ने लेते हुए उसे आश्वासन दिया है कि उसके इलाज में खर्च हुए रुपए वितरण कंपनी द्वारा वहन कर जल्द दे दिए जाएंगे। इसके साथ ही अपर कलेक्टर नीता राठौर ने बताया कि अरविंद नामक दिव्यांग की संविदा रिन्यू करके उसे नौकरी दी जाएगी। जानकारी के अनुसार चंदिया जिला उमरिया निवासी लाइनमैन अरविंद साहू विगद कुछ माह पहले चंदिया में उड़े ट्रांसफॉर्मर को चैक करने चढ़ा था जिस दौरान उसे करंट लगा और फिर वह मोहनलाल हरगोविंददास अस्पताल जबलपुर में करीब 5 माह तक भर्ती रहा। इस दौरान अरविंद ने अपने दोनों हाथ तक खो दिए। पूरे इलाज में करीब 25 लाख रुपए का खर्च अरविंद साहू को आया था जिसके बाद आर्थिक तंगी से परेशान अरविंद अपर कलेक्टर के पास मदद के लिए पहुंचा था। पीड़ित अरविंद ने इलाज में खर्च हुए रुपए और नौकरी की मांग अपर कलेक्टर से की है जिस पर उसे उचित आश्वासन दिया गया है।

नामदेव समाज विकास परिषद की कार्यकारिणी घोषित

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश जबलपुर शाखा नामदेव विकास परिषद के नवनियुक्त अशोक नामदेव ने सर्वसम्मति संरक्षक मंडल एवं नई कार्य कार्यकारिणी की घोषणा की। तदानुसार संरक्षक मंडल में गौरी शंकर नामदेव,बाबूलाल नामदेव, ओमकार नामदेव गिरीश वर्मा राज सागरी, विनोद ,इंजी.टी.पी. नामदेव रिटा.डी. एस. पी. जे. पी. वर्मा दिनेश नामदेव अवध बिहारी नामदेव ब्रजेश नामदेव इंजी. हेमराज नामदेव एवं सुभाष नामदेव का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया।

नगर निगम सदन की बैठक में भाजपा पार्षदों ने जताया विरोध

निगम कमिश्नर के बैठक से गायब होने पर हंगामा

जबलपुर, यशभारत। नगर निगम सदन की धारा 30 की बैठक में उस वक्त हंगामा मच गया जब भाजपा पार्षदों ने सत्तापक्ष पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम कमिश्नर किसी भी बैठक में शामिल नहीं होते है जब जिम्मेदार अधिकारी ही बैठक से गायब रहेंगे तो चर्चा करना बेकार है। हंगामा करते हुए भाजपा पार्षद दरवाजे के सामने बैठकर राम-राम, सीता राम भजने लगे। भाजपा पार्षदों का आरोप था कि सत्ता पक्ष हर बार बैठक बुलाता है परंतु बैठक में हुए निर्णय का पालन कभी नहीं होता है।

भाजपा पार्षद जीतू कटारे का कहना है कि महाराणा प्रताप वार्ड में समस्याओं का अंबार है, यहां पर निगम के अधिकारी जाना नहीं चाहते हैं। जनता मूलभूत समस्याओं से परेशान है और इसको लेकर अनेक बार सदन में बात उठ चुकी है परंतु हर बार प्रस्ताव बनता है काम होता नहीं है।

भाजपा पार्षद की बात का समर्थन किया : महापौर

महाराणा प्रताप वार्ड के भाजपा पार्षद जीतू कटारे के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि नगर निगम कमिश्नर जानबूझकर नगर निगम सदन की बैठकों से किनारा करते हैं, जब महत्वपूर्ण बैठकों में कमिश्नर नहीं रहेंगे तो कैसे चर्चा होगी। जीतू कटारे भले ही भाजपा दल के पार्षद पर उनका मैं समर्थन करता हूं। महापौर का कहना था कि ऐसा नहीं है कि नगर निगम अध्यक्ष के बुलाने पर कमिश्नर उनके कमरे में न जाते हो, लेकिन बैठक में शामिल होने की बात आती है तो वह किनारा करते हैं। इस संबंध में शासन को पत्र लिखकर कमिश्नर की कार्यप्रणाली के बारे में बताया जाएगा।

व्हीएफजे प्रशासन ने जप्त किया नगर निगम का वाहन

जबलपुर यशभारत। व्हीएफजे प्रशासन ने उनके इस्टेट एरिया में नगर निगम के कचरा वाहनों द्वारा बिना व्हीएफजे प्रशासन की अनुमति के कचरा डाले जाने पर कार्यवाही करते हुए कचरा वाहन जप्त कर लिया।इस कार्यवाही के बाद नगर निगम के रांझी जोन के साथ कचरा डालने वाले ठेकेदार में हड़कंप मच गया।रांझी जोन के सीएसआई और ठेकेदार ने जब लिखित भूल स्वीकार की तब जाकर व्हीएफजे प्रशासन इस शर्त पर वाहन लौटाने को राजी हुआ कि भविष्य में इस्टेट एरिया में कचरा नहीं डाला जाएगा और जो कचरे का अंबार लगा है तत्काल उठा कर वहां सफाई के साथ दवा का छिड़काव किया जाए।नगर निगम अधिकारियों ने तत्काल कचरा उठाकर कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया तब जाकर व्हीएफजे प्रशासन ने कचरा वाहन वापिस लौटाया। जानकारी के अनुसार नगर निगम के ठेकेदार द्वारा शोभापुर में रांझी क्षेत्र का कचरा लाकर डाला जा रहा था।इसको लेकर फैक्ट्री के सुरक्षा विभाग द्वारा बारबार समझाइश दी जा रही थी।लेकिन इसके बाद भी कचरा डालना जारी रखा।जिस पर सुरक्षा विभाग ने वरिष्ठ अधिकारियों को स्थति से अवगत कराया।उस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार्यवाही की गई।

मांगों को लेकर हजारों कर्मचारियों ने भरी हुंकार

जबलपुर,यशभारत। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण संभागीय प्रकोष्ठ के कर्मचारियों के द्वारा यशस्वी प्रांत अध्यक्ष महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कर्मचारियों ने अपनी मांगों के संबंध में नीलम पार्क में हुंकार भरी । प्रदर्शन के दौरान चेतावनी दी गई कि अगर मांगे पूरीं नहीं हुई तो 31 अगस्त के बाद पूरे प्रदेश में जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में संभागीय अध्यक्ष अजय दुबे, उपाध्यक्ष बिरजू जाटव, प्रकोष्ठ अध्यक्ष वैद्यनाथन अय्यर, कार्यकारी अध्यक्ष दिवेंद्र पटेल ,कोषाध्यक्ष राजेंद्र यादव ,महामंत्री संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

नेता प्रतिपक्ष कमलेश ने बैठक में पार्षदों की सुनी समस्याएं

जबलपुर,यशभारत। नेता प्रतिपक्ष कार्यालय ,नगर निगम में भाजपा नगर पार्षदों के साथ एक बैठक आयोजित की गई जिसमें नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा पार्षदों की समस्या सुनीं और शहरीय विकास के लिए विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने पार्षदों से कहा कि उनके क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उन्हें जल्द निराकरित करने का प्रयास किया जाएगा।

जनआशीर्वाद यात्रा के सदस्य बने नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल

जबलपुर,यशभारत। भारतीय जनता पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक नई जिम्मेदारी सौंपी है। जानकारी के अनुसार जबलपुर संभाग में निकाली जाने वाली जन आशीर्वाद यात्रा के सदस्य के रूप में भाजपा द्वारा कमलेश अग्रवाल का नाम जबलपुर से चयनित किया गया है। नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

श्रीमद् भागवत पुराण आज से

जबलपुर, यशभारत। पिसनहारी मढ़िया पुरवा, स्थित स्वयंभू सिध्द पीठ गैबिनाथ मन्दिर में मंगलवार से श्री मद् भागवत पुराण का आयोजन मंदिर सेवा समिति के सदस्यों की ओर से किया जा रहा है। मंदिर सेवा समिति के अजय अवस्थी व अभय शंकर प्यासी ने जानकारी दी है कि कथा प्रसंग की व्याख्या महंत व्दारकापुरी ब्रह्मचारी महाराज करेंगे। समिति सदस्य डा. बी-पी,अवस्थी के अनुसार भागवत पुराण की कलश शोभायात्रा दुर्गा मंदिर झंडा चौक पुरवा से लगभग दोपहर आरंभ होकर ब्राम्हण मोहल्ला, कोरी मोहल्ला, प्यासी मार्केट, पिसनहारी मढिया से भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंच कर पूजन अर्चना के बाद भागवत कथा का महंत जी के व्दारा आरम्भ होगी।

कचनार सिटी के शिव मंदिर परिसर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण करके भक्तजनों ने अर्जित किया पुण्य लाभ

जबलपुर,यशभारत। कचनार सिटी विजय नगर स्थित शिव मंदिर परिसर में पूज्य संत श्री तरूण चौबे के सानिध्य में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है। सावन सोमवार के दिन भी भक्तजनों के द्वारा परिसर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करके पुण्य लाभ अर्जित किया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को कचनार सिटी शिव मंदिर में सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। पार्थिव शिवलिंग निर्माण के दौरान विजय नगर की क्षेत्रीय जनता ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया है।

शक्तिनगर में निकला अजगर प्रजाति का लंबा सांप

जबलपुर,यशभारत। गोरखपुर थाना क्षेत्र स्थित शक्ति नगर में रहने वाले संग्राम सिंह मरावी के घर पर बीती रात अजगर प्रजाति का लंबा सांप दीवार में लगे पाइप के सहारे घुस गया जिसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया। इसके बाद परिजनों ने तत्काल सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे को सूचना देकर बुलाया फिर गजेंद्र दुबे ने रेस्क्यू करके सांप को वन विभाग रेस्क्यू स्क्वॉड प्रभारी गुलाब सिंह परिहार को सुपुर्द किया। लंबे सांप को जब सर्प विशेषज्ञ ने पकड़कर वन विभाग के सुपुर्द किया तब कहीं जाकर संग्राम सिंह मरावी के परिवार के सदस्यों ने राहत की सांस ली।

पिछले साल की तुलना में इस वर्ष 60 प्रतिशत कम हुआ जलप्लावन: महापौर

जबलपुर,यशभारत। शहर में पिछले साल की तुलना में इस साल साठ प्रतिशत जल प्लावन कम हुआ है। शहर की सफाई व्यवस्था में भी सुधार हुआ है। भविष्य में शहर को जल प्लावन से सौ प्रतिशत राहत देने लिए बड़े निर्णय लिए जाएंगे। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा के साथ निर्वहन करें। ये सारी बातें महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अधिकारियों को सफाई व्यवस्था सुधारने निर्देशित किया।

समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह के साथ सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षक आदि उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शहर की सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और वर्तमान के कार्यों के साथ-साथ भविष्य की कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

घर-घर पहुंचेगा नर्मदा जल महापौर ने तैयार किया प्लान

जबलपुर,यशभारत। 284 करोड़ रूपये की लागत से जलप्रदाय योजना का विस्तारीकरण संबंधी निविदा 15 से 20 दिन में जारी कर दी जाएगी। घर-घर नर्मदा जल पहुँचाने की योजना के साथ शहर में पाइप-लाइन का विस्तारीकरण, मिलान, और 18 उच्चस्तरीय पानी की टंकियों का निर्माण कराने का रास्त साफ किया जाएगा। यह बातें महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने मेयर इन काउंसिल की बैठक में कहीं। इस दौरान महापौर ने लीज प्रकरणों के साथ अन्य विकास कार्यों से संबंधित विषयों पर भी मंथन किया।

00000

पथप्रदर्शक और महत्वपूर्ण सुधारों के लिए पीठ थपथपाई

लेफ्टिनेंट जनरल दास ने किया सिग्नलस अभिलेख कार्यालय का दौरा

जबलपुर, यशभारत। लेफ्टिनेंट जनरल एम के दास, जीओसी, एम बी एरिया ने गत दिवस सिग्नलस अभिलेख कार्यालय का दौरा किया जिसके दौरान उन्हें सिग्नलस कोर के प्रभावी मानव संसाधन प्रबंधन और सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए अभिलेख कार्यालय द्वारा बनाई गई विभिन्न स्वचालित प्रक्रियाओं पर प्रदर्शन के साथ तकनीकी और प्रशासनिक प्रगति के बारे में जानकारी दी गई। आईटी सुधारों की मुख्य विशेषताओं में आईटी अधिनियम 2000 के अंतर्गत सरकार द्वारा वैध डिजिटल प्रमाणीकरण विधियों का पैपरलेस प्रचलित कार्यालय के लिए अधिकतम उपयोग, वास्तविक समय सीमा में पत्राचार का ऑनलाइन प्रसारण, व्यक्तिगत वेतन और पेंशन जैसे विषयों के लिए लागू स्वचालित सुविधाएं शामिल हैं, जैसे कि भविष्य निधि की ऑनलाइन निकासी और सिस्टम उत्पादित स्रू के माध्यम में सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों तक सीधी पहुंच, सैनिको, भूतपूर्व सैनिकों और मृत्यक सैनिकों के परिजनों के दावों का एकीकृत निपटारा। सिग्नलस अभिलेख कार्यालय द्वारा की गई आईटी पहलों ने जनशक्ति और सार्वजनिक धन की बचत के अलावा संगठन की पारदर्शिता, संतुष्टि स्तर और समग्र दक्षता में स्पष्ट सुधार लाए हैं। अभिलेख कार्यालय द्वारा की गई अन्य महत्वपूर्ण पहलों में दूर-दराज के भूतपूर्व सैनिको तथा उनके आश्रितों तक लगातार पहुंच बनाना और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान प्रदान करना शामिल है। जी ओ सी ने निर्देश दिया कि ऑटोमेशन के क्षेत्र में संतुष्टि का जो स्तर प्राप्त हुआ है, इसका सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए सेना के अन्य प्रतिष्ठानों और संगठनों द्वारा अनुकरण किया जाना चाहिए। जनरल ऑफिसर ने पथप्रदर्शक और महत्वपूर्ण सुधारों के लिए ब्रिगेडियर राहुल मलिक, ऑफिसर इन्चार्ज अभिलेख कार्यालय, कर्नल नरेश कुमार, कर्नल अभिलेख और अभिलेख टीम को बधाई दी।

लेफ्टिनेंट जनरल आर एस सैन, महानिदेशक ने किया डीजीक्यूए का दौरा

जबलपुर, यशभारत। लेफ्टिनेंट जनरल आर एस सैन, महानिदेशक, गुणता आश्वासन निदेशालय, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार हाल में जबलपुर आए यात्रा के दौरान उन्होंने डीजीक्यूए का दौरा किया। डीजीक्यूए के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल आर एस रीन की यह यात्रा गुणता आश्वासन में सर्वोत्तम प्रथाओं की उन्नति के लिये उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है। गुणवत्ता और विश्वसनीयता के उच्चत्तम मानकों को बनाये रखने के लिये डीजीक्यूए के समर्पण को प्रदर्शित करके डीजीक्यूए का उद्देश्य उद्योग में नये मानक स्थापित करना है। उनकी उपस्थिति निःसंदेह स्वदेशी रक्षा निर्माताओं को लगातार नवाचार और सुधार करने के लिये प्रेरित करेगी, जिरासे यह सुनिश्चित होगा कि हमारे स्वदेशी उत्पाद वैश्विक मानकों को पूरा करेंगे और उनसे आगे निकल जाएगें। यह यात्रा व्यापार में आसानी के महत्व पर भी जोर देती है, जो प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, पारदर्शिता बढाने और एक ऐसा वातावरण बनाने की भारत सरकार की प्रतिबदता को दर्शाती है जहाँ साझेदारी पनपे। सरकार का दृढ विश्वास है कि निवेश आकर्षित करने, नवाचार को बढ़ावा देने और सतत् विकास हासिल करने के लिये एक निर्बाध कारोबारी माहौल आवश्यक है। जनरल अधिकारी ने स्थानीय डीजीक्यूए इकाईयों की उत्कृष्ट सेवा और प्रयासों को मान्यता दी, जिसमें मुख्य है गुणता आश्वासन नियंत्रणालय (शस्त्र), गुणता आश्वासन नियंत्रणालय (वाहन), इलेक्ट्रानिक्स, सैन्य विस्फोटक, आयुध के वरिष्ठ गुणता आश्वासन प्रतिष्ठान और लॉग प्रूफ रेंज शामिल



SHALBY
MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर
अब CGHS द्वारा
अनुबंधित
For Cashless Treatment
C.G.H.S. Pensioners, C.G.H.S Working Employees , C.S.M.A.
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर
95758 01200

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कुल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

स्पर्श वूमेन्स क्लीनिक
SPARSH WOMEN'S CLINIC
डॉ. स्नेहा टी. मेठवानी
M.B.B.S., D.G.O.
Ex-consultant
(Surya Hospital- Mumbai)
वरिष्ठ स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ
- दर्द रहित प्रसव, हाईरिस्क प्रेगनेन्सी, बांझपन का इलाज, बार-बार गर्भपात होना, दूरबीन द्वारा ऑपरेशन।
- महिलाओं एवं किशोरियों को टीके लगाने की सुविधा उपलब्ध।
- सभी प्रकार के स्त्रीरोग निदान की सुविधा उपलब्ध।
जबलपुर हॉस्पिटल में भी उपलब्ध।
समय: प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक
M: 9329075441 9552424074
पता- शॉप नं. 13, राइट टाउन स्टेडियम मार्केट, गोमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। (*पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

» न्यूज गैलरी

भारतीय पसमांदा मंच के अध्यक्ष बने मुईन खान

जबलपुर,यशभारत। भारतीय पसमांदा मंच के प्रति आपके योगदान को देखते हुए आपको भारतीय पसमांदा मंच मध्य प्रदेश जबलपुर जिला अध्यक्ष पद पर मुईन खान को नियुक्त किया गया है। जनसेवा में तत्पर होकर समस्याओं का समाधान बन मंच को सर्वस्पर्शी एवं सर्वव्यापी बनायेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास को साकार करने में योगदान देने राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कमर सिद्दकी ने यह जिम्मेदारी सौंपी है।

स्कूल से घर लौट रही बच्ची रपटा नाला में बही

जबलपुर,यशभारत। मझगवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाड़ाघाट निवासी एक 6 वर्षीय बालिका रपटा नाला में उस समय बह गई जब वह अपनी बहन के साथ स्कूल से पढ़कर घर वापस आ रही थी । घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई । सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव बरामद हुआ। इस घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि 6 वर्षीय श्रद्धा गौड़ पिता महेश कुमार अपनी बहन के साथ स्कूल से घर आ रही थी रास्ते में रपटा नाला को दोनों बहनें पार कर रही थी इसी दौरान श्रद्धा का पैर पानी में अचानक फिसल गया और वह तेज बहाव में बह गई ।

म.प्र. तृतीय वर्ग शास. संघ के लिए कैथ लैब का शुभारंभ

जबलपुर, यशभारत। म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि जबलपुर संभाग में आशा वाली अर्चना पैथोलाजी लैब का उद्घाटन हुआ जिसमें संभाग के दूर दूर से आने वाले मरीजों की इम्युनोलाजी रोगों से संबंधित जांचों के संबंध में सारी मशीनरी हाईटेक लगाई गई है, जिसमें मरीजों की जांच एक ही दिन में उपलब्ध हो सके और दूर दूर से आने वाले मरीजों की जांचों में बार बार भटकाव न हो सके समस्त रिर्पोट उसी दिन मिल सके जिससे डाक्टर भी आसानी से उनका इलाज कर सके।

आंदोलन की राह पर छात्र नेता का हुआ मौत से सामना

पुलिस के लाठी चार्ज से एनएसयूआई अध्यक्ष को आया था साइलेंट अटैक चिकित्सकों ने बचाई जान,करेंगे एस पी आफिस का घेराव

जबलपुर यश भारत। जबलपुर में जैसे-जैसे चुनाव की तारीख करीब आती जा रही है, तो वैसे-वैसे राजनीति भी अब खून के रंग में रंगी नजर आ रही है। विपक्ष के आंदोलन को दबाने, सत्ता के दबाव में आकर पुलिस, आंदोलन कर रहे छात्र नेताओं से किस कदर पेश आती है, इसका एक ताजा उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब पटवारी परीक्षा का विरोध कर रहे एनएसयूआई द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा था। मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात था। छात्रों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन के बीच अचानक से पुलिस ने लाठी भांजनी शुरू कर दी और छात्रों को तितर-बितर कर दिया। लेकिन छात्र नेता व एनएसयूआई अध्यक्ष सचिन रजक मौके पर डटे रहे। हालांकि पुलिस ने उन पर जमकर लाठियों से प्रहार किए जिस कारण सचिन रजक अचेत हो गये। लहूलुहान हालत में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी लेकिन चिकित्सकों के अथक प्रयास के बाद छात्र नेता सचिन रजक की जान बचाई जा सकी।

एनएसयूआई ने की बैठक

वही एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष के वापस आने के उपरांत आगे की रणनीति को लेकर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बैठक ली जिसमें कि सरकार की नीतियों को घेरने को लेकर बैठक की जिसमें कि सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

का दल ग्राबंद हो गई थी छात्र नेता की पल्स

चिकित्सकों के अनुसार छात्र नेता सचिन रजक की पल्स बंद हो गई थी। उनकी यह हालत देखकर परिजनों के बीच रोना पीटना मच गया था। चिकित्सकों द्वारा उन्हें ढांढस बंधाया गया और सचिन की पल्स वापस लौटने के प्रयास शुरू किए गए। लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार डॉक्टर ने सफलता पाई और सचिन की पल्स वापस आ गई। चिकित्सक ने परिजनों को बताया कि छात्र नेता सचिन रजक को पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किए जाने से अंदरुनी गंभीर चोटे लगी थी और इलाज में जरा भी देर की जाती तो उनकी जान भी जा सकती थी।

एसपी से करेंगे एफआईआर

एनएसयूआई छात्रों पर लाठीचार्ज और अध्यक्ष के मौत के मुंह से वापस आने से जहां कांग्रेस जनों ने राहत की सांस ली है। वही पुलिस द्वारा की गई इस बर्बर कार्रवाई के विरोध में अब कांग्रेसी वृहद आंदोलन की तैयारी में जुटे हुए हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि, जिस तरह से एनएसयूआई अध्यक्ष पर लाठियों से वार किया गया था, जिससे छात्र नेताओं की जान पर बन आई थी। जिसको लेकर कांग्रेस जनों में आक्रोश देखा जा रहा है। इनके द्वारा मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर घटना के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा।

तीखी बात

तीर कमान से निकलने लगे

राजीव उपाध्याय

राजनीति में जब कुछ अलग हटकर होता है तो चर्चा का विषय बन जाता है। इस बार चर्चा का विषय बीजेपी के उम्मीदवारों की लिस्ट है जोकि चुनाव से करीब साढ़े तीन माह पहले जारी हो गई। कांग्रेस का चौंकना तो स्वाभाविक है लेकिन यहां तो खुद बीजेपी के नेता भी चौंक गए। वैसे बीजेपी का यह फार्मूला है कि राजनीति में जो कोई सोच न सके वो काम कर दिखाओ। बीजेपी के इस दांव से बीजेपी के ही कुछ नेता हतप्रभ हैं। खासतौर से वे नेता जो सोच रहे थे कि अभी तो वक्त है चुनाव लड़ने अपना जुगाड़ जमा ही लेंगे। उन्हें भी लगने लगा कि यहां आराम करने का मतलब अपना चांस खोना है। वैसे तो जाति का गणित चुनाव में साधना ही पड़ता है। चुनाव का जोर ओबीसी, आदिवासी के इर्द-गिर्द चल रहा है। ओबीसी के संबंध में कांग्रेस की बयानबाजी का जवाब बीजेपी ने उम्मीदवारों की घोषणा के साथ दिया। बीजेपी की लिस्ट में मध्यप्रदेश के 39 उम्मीदवारों में से 13 ओबीसी, 13 एससी और 8 एसटी के हैं। अब बॉल कांग्रेस के हाथ में है। कांग्रेस भी कुछ ऐसा ही कर दिखाने की कोशिश में है लेकिन पिछले दिनों भोपाल में हुई चुनाव समिति की बैठक में ही कांग्रेस के दिग्गज एकमत नहीं हो सके। बीजेपी ने एक तीर और छोड़ दिया जो जबलपुर के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में आकर उनके ही दावेदारों को लगा। वह तीर है आखिर पूर्व आईएएस वेदप्रकाश का बीजेपी जॉइन करना। खैर यह तो चुनावी रण है, सब कुछ संभव है।

हम साथ-साथ हैं, कब तक? कह नहीं सकते

पाटन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के छह दावेदारों के बीच तो दांत काटी रोटी का प्रेम चल रहा है। ऐसी एकता की मिसाल यदि हर दावेदार पेश करें तो पार्टी में गुटबाजी खत्म हो जाए। हालांकि इससे पूर्व विधायक का तनाव कुछ हद तक कम जरूर हो सकता है लेकिन यदि इनमें से ही किसी का दांव चल गया तो क्या होगा। ऐसा केवल कांग्रेस में ही नहीं बल्कि लखनादौन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-117 में बीजेपी में भी यह हो रहा है। यहां दस दावेदार एक साथ हैं जोकि ताल ठोक रहे हैं कि इनमें से ही एक को टिकट दी जाए। साथ-साथ होने का दावा टिकट मांगने तक सीमित है। दोनों ही मामले में ऐसा लग रहा है जैसे कि दावेदार अब जाइंट कंपनी बनाकर टिकट मांगने के नए फार्मूले पर काम कर रहे हैं। राजनीति में यह नया प्रयोग है, ये कितने सफल होते हैं यह तो भविष्य ही बताएगा लेकिन यह राजनीति है यहां कुर्सी पर सबकी नजर होती है। बड़ी-बड़ी दोस्ती भी टूट जाती है, गठबंधन शिथिल हो जाते हैं। राजनीति है, सब कुछ संभव है। आखिर दावेदार तो सभी हैं जिसकी जैसी पहुंच। वैसे भी राजनीति में किस्मत बदलने में समय नहीं लगता। आज जो सड़क पर है कल वो विधायक भी बन सकता है। इसलिए तो ऐसा लगता है कि जैसे यह दावेदार अभी तो कह रहे हैं कि हम साथ-साथ हैं लेकिन कब तक ,यह तो वे भी कह नहीं सकते।

पमरे ने चार माह में 34 करोड़ का रेल राजस्व अर्जित किया

जबलपुर यशभारत। पमरे अपने परंपरागत माल ढुलाई के अलावा अन्य नए माल उत्पादकों को भी प्रोत्साहित कर रही है। मिशन मोड के तहत व्यवसाय विकास इकाई (बीडीयू) की स्थापना पमरे मुख्यालय और तीनों मंडलों में की गई है। परिणाम स्वरूप पमरे ने चालू वित्तीय वर्ष के चार माह में बीडीयू के तहत नई स्ट्रीम फ्रेट लोडिंग के तहत माल यातायात में कुल लगभग 34 करोड रुपए का रेल राजस्व अर्जित किया। बीडीयू के तहत नई स्ट्रीम फ्रेट लोडिंग के तहत माल यातायात में महीनों के आंकड़े कि बात करे तो अप्रैल माह में 09 करोड 64 लाख, मई माह में 16 करोड़ 68 लाख, जून माह में 04 करोड़ 68 लाख और जुलाई माह में 02 करोड़ 95 लाख रुपए का रेल राजस्व अर्जित किया।

पमरे के तीनों मण्डलों में यह बिजनेस हासिल किया

जबलपुर मण्डल के ब्यौहारी से 04 रैक ?ूड ग्रेन की लोडिंग की गई। इससे रेलवे को रुपये 01 करोड़ 44 लाख की आय प्राप्त वहीं भोपाल मण्डल के बुदनी से 06 रैक फूड ग्रेन की लोडिंग की गई। इससे रेलवे को रुपये 01 करोड़ 51 लाख की आय प्राप्त की उल्लेखनीय है कि माल ढुलाई को बेहद आकर्षक बनाने के लिए मालभाड़ा व्यापारियों को कई तरह की रियायतें/छूट एवं सुविधाएं भी दी जा रही हैं। जिससे व्यापारी अधिक से अधिक रेलवे की तरफ आकर्षित हो रहे हैं।

नागपंचमी पर ठाकुर बाबा में हजारों भक्तों ने लगाई हाजरी

जबलपुर यशभारत। नाग पंचमी पर जगह जगह अनेक कार्यक्रम हुए। इसी तारतम्य में कटंगी के समीप काटी ग्राम में क्षेत्र का प्रसिद्ध स्थान ठाकुर बाबा के यहां आसपास एवं दूरदराज इलाकों से आए हजारों भक्तों ने हाजिरी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया इस मौके पर ठाकुर बाबा को विशाल झंडा भी चढ़ाया गया ठाकुर बाबा प्रांगण में संगीत की मधुर धुन पर भक्तगण नृत्य करते रहे नाग पंचमी के दिन इस गांव की यह विशेषता है कि यहां पर सुबह किसी भी घर में चूल्हे नहीं जलते हैं ग्राम एवं आसपास के लोग ठाकुर बाबा प्रांगण में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं नाग पंचमी के दिन सुबह से ही यहां पर भक्तों का तांता लगा रहा जहां पर हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र के कर्मचारी 6 माह से वेतनसे वंचित

जबलपुर यशभारत। म0प्र0 तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया कि दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र जबलपुर में कार्यरत कर्मचारियों को विगत 6 माहों से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है, दिव्यांगजनों को दुलारने वाले, उनका ख्याल रखने वाले और पग-पग पर उनका साथ देने वाले कर्मचारी माह फरवरी 2023 से बिना वेतन के कार्य करने मजबूर हैं। वेतन के अभाव में कर्मचारी एवं उनका परिवार भारी आर्थिक संकट झूझ रहा है. कर्मचारियों के बच्चों की स्कूल, कालेज की फिस जमा नहीं हो पा रही है। बैंक लोन, बिजली बिल आदि का भुगतान करने हेतु मजबूरन कर्मचारी साहूकारों से मोटी ब्याज दर पर पैसा ले रहे हैं। संघ द्वारा कलेक्टर महोदय के नाम का ज्ञापन श्रीमती नीलिमा राजलवाल, तहसीलदार कलेक्ट्रेट जबलपुर को सौंपकर दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र जबलपुर में कार्यरत कर्मचारियों का विगत 6 माहों का वेतन का भुगतान शीघ्र कराने का अनुरोध किया गया तथा भुगतान में लापरवाही करने वाले प्रभारी अधिकारी के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल हटाने कि मांग कि।इस अवसर पर संघ के योगेन्द्र दुबे, बृजेश मिश्रा, सतीश देशमुख, अंकित चौरसिया राजकुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे ।

पिता की जरूरी है भागीदारी, बच्चे के पोषण की जिम्मेदारी

जबलपुर,यशभारत। पिता की जरूरी है भागीदारी, बच्चे के पोषण की की जिम्मेदारी... कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मौका था शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय जबलपुर में महिला बाल विकास द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के मौके पर आयोजित निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का। महिला बाल विकास विभाग से मणी शर्मा पर्यवेक्षक, द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में बालक के जन्म के बाद माता और पिता दोनों अपनी जवाबदारी अच्छे से निभाएं का संदेश दिया गया। आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या चौबे के संरक्षण, डॉ. कल्पना गुप्ता के निर्देशन में डॉ. अंजना धुर्वे, श्वेता भवदिया, प्रतिमा मंडलोई के सहयोग से संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. नीना उपाध्याय, डॉ. रागिनी उपाध्याय जिला कार्यक्रम अधिकारी एम.एल. मेहरा की अहम भूमिका रही।

जुलाई माह में पमरे ने गैर-किराया राजस्व से आय में की वृद्धि

जबलपुर यशभारत। नॉन फेयर रेवेन्यू स्कीम यानि गैर-किराया राजस्व योजनाओं के अन्तर्गत रेलवे राजस्व अर्जित करने में पश्चिम मध्य रेल का वाणिज्य विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। जबलपुर सहित तीनों मंडलों में गैर-किराया राजस्व के तहत जुलाई माह में पार्किंग, कैटरिंग एवं पे एंड यूज से सम्बंधित कई अनुबंध किए गए इसके अन्तर्गत कुल 63 लाख 89 हजार का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया गया। उल्लेखनीय है कि रेलवे में गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) में वृद्धि के लिए नए विचारों और अवधारणाओं को ब?ावा दिया जा रहा है। यह नई नवोन्मेषी गैर-किराया राजस्व विचार योजना (निनफ्रिस) के दिशा निर्देश के तहत किया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत रेलवे द्वारा नए विचारों और अवधारणाओं को प्राप्त करना, जांचना और कार्यान्वित करना एक सतत प्रक्रिया है।

पार्किंग से रुपए 39 लाख 3 हजार राजस्व अर्जित

जबलपुर मण्डल पर ई-ऑक्शन के माध्यम से पिपरिया एवं मदन महल रेलवे स्टेशनों पर कार/मोटरसाइकिल पार्किंग हेतु 03 वर्षो के लिए अनुबंध किया गया है जिससे रेलवे को प्रतिवर्ष पिपरिया में 08 लाख 88 हजार एवं मदन महल में 21 लाख 10 हजार रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

कैटरिंग से अर्जित किए रुपए 24 लाख 36 हजार

जबलपुर मण्डल पर ई-ऑक्शन के माध्यम से जबलपुर एवं कटनी रेलवे स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन हेतु 05 वर्षो के लिए अनुबंध किया गया है, जिससे रेलवे को प्रतिवर्ष रूपये 24 लाख 36 हजार का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

न्यू पेंशन स्कीम के विरुद्ध संघ ने खोला मोर्चा

जबलपुर यशभारत। कर्मचारियो के अभिशॉप बन चुकी नेशनल स्कीम पेंशन स्कीम नई पेंशन स्कीम को हटाकर ओल्ड पेंशन स्कीम पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग दिन व दिन जोर पकड़ी जा रही हैं संघ के महामंत्री अशोक शर्मा व संघ प्रवक्ता संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि एनएफआईआर नई दिल्ली के आह्वान पर वेस्ट सेन्ट्रल संघ ने पमरे के भोपाल, कोटा, जबलपुर मंडलो कोटा - भोपाल वर्कशॉप शैडो समेत विभिन्न स्टेशनो पर नई पेंशन स्कीम के विरोध में केन्द्र सरकार व रेल प्रशासन के खिलाफ जंगी प्रदर्शन किया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में भी संघ के मंडल सचिव डी. पी. अग्रवाल के नेतृत्व में द्वार सभा के माध्यम से जमकर विरोध प्रदर्शन हुआ । इस दौरान मंडल सचिव डी. पी. अग्रवाल ने बोला भारतीय रेल को 24 घंटे 365 दिन अनवरत चलाने हेतु रेल कामगार अपने खून को पसीना बहाता है वर्ष के प्रत्येक मौसम सर्दी गर्मी वारिश में बीमारी की या मौत की चिंता न करते हुये अपनी ड्यूटी पर तैनात रहता है रेलवे विभाग का काम सेना के बाद सबसे जोखिम भरा है देश के अंदर औसतन 2 रेल कर्मचारी प्रतिदिन ट्रेन के नीचे आकर अपनी जान गंवाते है तथा कई कर्मचारी अंग-भंग हो जाते है। किंतु वर्ष 2004 के बाद भर्ती कर्मचारियों को पेंशन से बाहर रख दिया गया जिसका कि एनपीएस नाम दिया गया है।

श्री संतोष ठाकुर का निधन

जबलपुर। लार्डगंज श्यामबैंड की गली निवासी 40 वर्षीय श्री संतोष ठाकुर का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार दोपहर में ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया। समाज के सभी वर्ग के लोगों ने उपस्थित होकर नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

श्रीमती शकुन यादव का निधन

जबलपुर। पूर्व पार्षद श्रीमती कविता यादव की माताजी श्रीमती शकुन यादव का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया है । अंतिम यात्रा निज निवास महाकोशल नगर अधारताल से ग्वारीघाट मुक्तिधाम पहुंची ,जहां अंतिम संस्कार किया गया।

श्री शम्भूदयाल व्यास का निधन

पनागर। प्रताप वार्ड निवासी शम्भूदयाल व्यास का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आप डॉ.कमलेश व्यास शिक्षक,शिवकुमार व्यास (कुल्लू) के बड़े पिता थे। अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड पड़ाव स्थित शमशान घाट पर आज शाम 4 बजे किया जायेगा।

न्यायालय तहसीलदार तहसील
अधारताल, जबलपुर
रा.प्र.क्र./1386 / अ-6/ 2022-2023
जबलपुर दिनांक- 10/8/2023

// आम इश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुन्ना लाल चक्रवर्ती पिता स्व. अठईलाल चक्रवर्ती निवासी- गौतमगंज कुम्हार मोहल्ला गढ़ा जबलपुर के द्वारा मौजा कछपुरा नं.बं. 501, प.ह.नं.04 स्थित भूमि खसरा नं.56/1/1 में से रकबा 0.455 हेक्टे. भूमि पर रनिया बाई वगैरह की मृत्यु दिनांक 23/7/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/ वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 28/8/23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 10/8/2023
पेशी दिनांक- 28/8/2023

न्यायालय की मुद्रा

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

अनुश्री नेत्र चिकित्सालय एण्ड रेटिना केयर सेन्टर
आयुष्मान भारत योजना उपलब्ध
डॉ. अविजित विश्नोई
M.B.B.S., M.S., OPHTHAL, F.R.F., F.N.N., I.C.O
नेत्र, रैटिना एवं आर.ओ.पी. विशेषज्ञ, न्यूरो ऑप्थल्मोलॉजिस्ट
नौदरा ब्रिज, जबलपुर
मो. 76102-76101, 9119-99828
उपलब्ध सुविधायें
- रेटिना (आँख के परदे) का लेजर एवं ऑपरेशन से इलाज
- मोतियाबिंद- फेको पद्धति से छोटे चीरे एवं प्रीमियम लेंस का उपचार
- ICL/IPCL- चश्मा से छुटकारे के लिए विशेष लेंस
- न्यूरो-ऑफ्थलमोलॉजी
- समयपूर्व जन्मे बच्चों की आँखों की जाँच एवं लेजर उपचार
- लेंस से वंचित रह गई मोतियाबिन्द ऑपरेशन वाली आँख में विशेष लेंस प्रत्यारोपण (SFIOL, Lris Claw Lens)

JYOTI INNER ZONE
10% से 20% तक की भारी छूट
LUX cozi | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

कचनार सिटी, जसूजा सिटी, चैतन्य सिटी में सर्व सुविधा युक्त डुप्लेक्स एवं लक्ष्मी विजयनगर में सिंगल एक्स उपलब्ध है
शीघ्र संपर्क करें मो-9300103737, 9074740022

कार्यालय नगर पालिका परिषद पनागर जिला-जबलपुर म.प्र.

क्रमांक/2681/रा.शा./2023-24 — इश्तहार सूचना — पनागर, दिनांक 21/08/2023

भवन / भूमि हकान्तरण सूचना वर्ष 2023-24

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नवीन संपत्तिया कर निर्धारण की दृष्टि से दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जाना है इस हेतु जारी दिनांक से 07 दिवस के अन्दर आपत्तियों का आव्हन किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं प्रमाण रहित आपत्तियां मान्य नहीं की जावेगी।

सूचित हो

क्र.	प्रकरण क्रमांक	वार्ड का नाम	भवन /प्लाट	संपत्तिहस्तांतरण का माध्यम	हस्तान्तरिति का नाम एवं पूर्ण पता	हस्तांतरणकर्ता का नाम एवं पूर्ण पता
1	807	विवेकानन्द वार्ड	भवन	पट्टा, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र	श्री कैलाश चौधरी पिताश्री बेड़ीलाल चौधरी विवेकानन्द वार्ड	श्री बेड़ीलाल चमार पिता श्री नंदीलाल चमार विवेकानन्द वार्ड
2	808	जयप्रकाश वार्ड	भवन	पट्टा	श्री नन्द किशोर पांडे पिता श्री रामसेवक पांडे जयप्रकाश वार्ड	-
3	809	जयप्रकाश वार्ड	भवन	पट्टा	श्री विश्राम पाण्डेय पिता श्री हरिदत्त पाण्डेय जयप्रकाश वार्ड	-
4	810	विनोबा भावे वार्ड	भवन	पट्टा	श्रीमती अनीता पटेल पति श्री गंगाराम पटेल विनोबा भावे वार्ड	-
5	811	विनोबा भावे वार्ड	भवन	पट्टा	श्री नीरज पटेल पिता श्री बाल किशन पटेल विनोबा भावे वार्ड	-
6	812	जगमोहन वार्ड	भवन	पट्टा	श्रीमती वंदना वाल्मीक पति श्री बबलू वाल्मीक जगमोहन वार्ड	-
7	813	गुरुनानक वार्ड	भवन	पट्टा, मृत्यु प्रमाण पत्र	श्री गुलाबचंद गुप्ता पिता श्री स्व. फूलचंद गुप्ता गुरुनानक वार्ड	श्री रामबाई भुर्जी पति श्री फूलचंद भुर्जी गुरुनानक वार्ड
8	814	भगत सिंह वार्ड	भवन	शपथ पत्र,पट्टा, मृत्यु प्रमाण पत्र	श्री जनक प्रसाद सोंधी पिता श्री छिम्मन सिंह भगतसिंह वार्ड	श्री गुरुदत्त पटेल पिता श्री गुलाई पटेल भगत सिंह वार्ड
9	815	सुभाष वार्ड	भवन	शपथ पत्र,पट्टा	श्री सुभाष बंशकार पिता श्री देवी प्रसाद बंशकार सुभाष वार्ड पनागर	श्री देवी प्रसाद बंशकार पिता श्री दुलीचंद बंशकार सुभाष वार्ड पनागर
10	669	भगत सिंह वार्ड	भवन	शपथ पत्र,पट्टा, मृत्यु प्रमाण पत्र	श्री केशव प्रसाद सेन पिता श्री मुन्नी लाल सेन भगत सिंह वार्ड	श्रीमती सलीता बाई पति श्री चैनराम सेन भगत सिंह वार्ड पनागर
11	816	विवेकानंद वार्ड	भवन	शपथ पत्र,पट्टा, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमती प्रमाण पत्र	श्री गनेश प्रसाद कोरी पिता श्री शंकर लाल कोरी विवेकानंद वार्ड पनागर	श्री शंकर लाल कोरी पिता श्री हल्केराम कोरी विवेकानंद वार्ड पनागर
12	817	विद्यासागर वार्ड	भवन	शपथ पत्र,मृत्यु प्रमाण पत्र	श्रीमती राधा बाई विश्वकर्मा पति श्री स्व. देवी प्रसाद, पुत्री मीना, कमलेश,मधु विश्वकर्मा पिता श्री देवी प्रसाद विश्वकर्मा विद्यासागर वार्ड	श्री देवी प्रसाद विश्वकर्मा पिता श्री बैजनाथ विश्वकर्मा जगमोहन वार्ड
13	818	गुरुनानक वार्ड	भवन	शपथ पत्र,पट्टा, सहमती प्रमाण पत्र	श्रीमती सरोज रजक पति श्री दिनेश रजक गुरुनानक वार्ड	श्री भगवान प्रसाद रजक पिता श्री दमड़ी लाल रजक गुरुनानक वार्ड
14	819	गुरुनानक वार्ड	भवन	ई पंजीकृत पत्र	श्री वैभव जैन पिता श्री सुभाष जैन गांधी वार्ड पनागर	श्री शिखरचंद जैन पिता श्री खूबचंद जैन, नीलम जैन, शिल्पा जैन पिता श्री शिखरचंद जैन गुरुनानक वार्ड
15	820	शिवाजी वार्ड	भवन	शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र	श्रीमती मीरा बाई कुशवाहा पति श्री पुरुषोत्तम लाल कुशवाहा शिवाजी वार्ड	श्री पुरुषोत्तम लाल कुशवाहा ,संतोष कुमार, हुकुमचंद पिता श्री बालाराम एवं ललिता बाई पति बालाराम कुशवाहा शिवाजी वार्ड
16	821	गुरुनानक वार्ड	भवन	ई पंजीकृत वसीहत नामा	श्री संजय सिंह उर्फ़ बंटी पिता श्री ईमानु एल जोसफ गुरुनानक वार्ड	श्री रजनी प्रमिला सिंह पति श्री इमानु एल जोसफ गुरुनानक वार्ड
17	822	गुरुनानक वार्ड	भवन	शपथ पत्र ,मृत्यु प्रमाण पत्र	श्री होजेफा अली पिता श्री स्व. लाल मोहम्मद गुरुनानक वार्ड	श्री अली कनीज मुसलमान पिता श्री लाल मुहम्मद मुसलमान गुरुनानक वार्ड

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पनागर

संपादकीय

अर्थव्यवस्था की विकास दर

कोर सेक्टर की गतिविधियां जिस तरह से दिख रही हैं, उनकी मांग और खपत में बढ़ोतरी जारी है और खासकर बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में निवेश के संकेत मिल रहे हैं, उनसे साफ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर विश्व में सर्वाधिक हो सकती है। आरबीआई का अध्ययन स्पष्ट करता है कि भारत की आर्थिक गति स्थिर और निरंतर बनी रहेगी, जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था की गति धीमी है। भारत की विकास दर अमेरिका, चीन और यूरोपीय देशों से भी अधिक होगी।

ये वाकई सुखद संकेत हैं, लेकिन देश में अमीर व्यक्ति ज्यादा अमीर हो रहा है, गरीब मध्य श्रेणी में परिणत हो रहा है, लेकिन गरीब की आय नहीं बढ़ पा रही है। क्या अर्थव्यवस्था की विकास दर अमीरों की आर्थिक बढ़ोतरी की ही संकेतक है? बेशक निर्यात का कारोबार जुलाई में करीब 16 फीसदी कम हुआ है और इस सिकुडन् के आसार लगातार बने रहे हैं, उसके बावजूद निजी मांग, निजी खपत और निजी निवेश में बढ़ोतरी जारी रही है। ये अर्थव्यवस्था के उत्साहवर्धक संकेत हैं, लेकिन बेरोजगारी लगातार बढ़ी है, तो मांग, खपत और निवेश के आंकड़े सवालिया लगते हैं। यदि निजी निवेश में भी उद्योगपति वर्ग शामिल है, तो यह विकास दर 'राष्ट्रीय' नहीं कही जा सकती। गिनवाया जा रहा है कि बंदरगाहों पर कार्गो और रेलवे मालभाड़ा आदि के आंकड़े जुलाई में बढ़े हैं। बेशक इस्पात, सीमेंट सरीखे कोर क्षेत्रों की खपत में स्वस्थ बढ़ोतरी दिखाई दे रही है, लेकिन ऑटोमोबाइल्स की बिक्री, तिपहिया के अपवाद के बावजूद, कमजोर रही है। गैर-तेल का आयात भी बीते साल की तुलना में कम किया गया है। ये संकेतक साफ करते हैं कि अर्थव्यवस्था में कमियां भी व्याप्त हैं। क्या इन कमजोरियों और आम आदमी की भूमिका के बिना विकास दर 8 फीसदी की बुलंदी को छू सकती है?

आरबीआई के अर्थशास्त्रियों का आकलन है कि मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी की विकास दर 8 फीसदी हो सकती है। यह वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के आंकड़ों से ही स्पष्ट है। हालांकि देश पर कुल कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है, क्योंकि राज्यों का यह बोझ 76 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। करीब 60 फीसदी कर्ज बढ़ा है। खुदरा महंगाई दर 8 फीसदी से कम दिखाई दे रही है, लेकिन सब्जियों, दालों, दूध, चावल, आटा आदि की कीमतें बढ़ने के कारण महंगाई का सूचकांक 38 फीसदी तक उछला था। अब तो प्रधानमंत्री मोदी ने भी चिंता और सरोकार जताए हैं और महंगाई को लगातार कम करने की कोशिशों के प्रति देश को आश्वस्त किया है। जब 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय' जीडीपी और आर्थिक विकास दर के आंकड़े जारी करेगा, तब अर्थव्यवस्था के विकास का यथार्थ और भी स्पष्ट होगा।

अतिशय लालच से उपजी दुखों की श्रृंखला

पिछले दिनों एक निवेश कंपनी लोगों के तीन सौ करोड़ रुपये लेकर चंपत हो गई। कंपनी ने अपने निवेशकों को विश्वास दिलाया कि वे डेढ़ साल में उनकी रकम सत्ताईस से सौ गुना तक बढ़ा कर देंगे। कंपनी के निदेशकों के सब्जबाग में आकर अनेक लोगों ने उनके पास अपना पैसा जमा करवा दिया। उन्होंने कुछ दिनों तक लोगों को अच्छा पैसा दिया भी लेकिन तीन सौ करोड़ रुपये एकत्र करके वे एक दिन रातोरात गायब हो गए। कभी कोई एक महीने में रकम दोगुनी करने का वादा करता है तो कोई बाजार भाव से आधे पैसों में सामान देने का विश्वास दिलाता है। लेकिन क्या ये संभव है? हर्गिज नहीं। इस खुली प्रतियोगिता के जमाने में कोई कंपनी इतना लाभ कैसे कमा सकती है कि वो अपने निवेशकों के धन को हर महीने दोगुना कर दे?

फिर भी लोग इन घटनाओं से सबक क्यों नहीं लेते? क्यों बार-बार अपनी खून-पसीने की गाढ़ी कमाई इस प्रकार के लुटेरों के हाथों में सौंप देने को विवश हो जाते हैं? इसका प्रमुख कारण है हमारी अतिशय लोभवृत्ति जिसके कारण हम न तो कॉमन सेंस का इस्तेमाल करते हैं और न पुरानी घटनाओं से सीख ही लेते हैं। एक पुरानी घटना याद आ रही है। हर साल की तरह उस साल भी गांव में ठठेरे आए और गलियों में घूम-घूम कर आवाजें लगाने लगे कि टूटे-फूटे बर्तन संवरवा लो, बर्तनों पर कलई करा लो। घरों से टूटे-फूटे बर्तन बाहर निकलने लगे और होने लगा मोल-भाव। जो काम पहले दस रुपये में होता था, उस काम के लिए ये नए ठठेरे सिर्फ पांच रुपये मांग रहे थे। ये जानकर लोग खुश थे लेकिन फिर भी मोल-भाव हो रहा था।

ठठेरे, जो जितना कहता, मान लेते और भाग-भाग कर बर्तन जमा करने लगे। देखते-देखते बर्तनों का अम्बार लग गया। धीरे-धीरे सांझ घिर आई। ठठेरे अपना खाना बनाने का जुगाड़ करने में लग गए और लोगों से कहा कि कल सुबह भट्ठी चालू करके बर्तनों की मरम्मत का काम शुरू करेंगे। लोग बर्तन देकर अपने-अपने कामों में लग गए। जो लोग उस समय घरों में नहीं थे, घर आने पर उन्होंने जब ये सुना कि इतने सस्ते में बर्तन मरम्मत हो रहे हैं तो वे भी अपने-अपने बर्तन लेकर ठठेरों के रुकने के स्थान पर पहुंचे। वहां जाकर देखा तो पाया कि न तो ठठेरे वहां मौजूद थे और न बर्तन ही रखे थे। अब लोगों की समझ में आया कि वे इतने कम दामों में बर्तन संवारने के लिए क्यों तैयार हो गए थे। लेकिन अब क्या हो सकता था?

जब भी हम लोभ या मुफ्त-लाभवृत्ति के वशीभूत हो जाते हैं तो ऐसा ही होता है। लेकिन सोचिए कि कोई किसी को मुफ्त में या बहुत कम कीमत में कोई चीज या सेवा कैसे उपलब्ध करा सकता है? क्या आप सामान्य अवस्था में ऐसा कर सकते हैं? नहीं न! तो कोई भी कैसे ऐसा कर सकता है और यदि कोई ऐसा करने का दिखावा करता है तो वह बहुत महंगा प?ता है। अतः हानि और दुख से बचने के लिए लोभ का त्याग करना ही श्रेयस्कर है। लालच बुरी बला है लेकिन हम लालच के वशीभूत होकर एक असंभव बात को भी नकार नहीं पाते। लोभ हमारी आंखों पर मोटा परदा डाल देता है। मोटे ब्याज के लालच में मूलधन से भी हाथ धो बैठते हैं। लालचवश पहले तो गलत या अस्वाभाविक बात का विरोध नहीं कर पाते। जब भारी नुकसान हो जाता है तो विरोध करना संभव नहीं होता क्योंकि इससे हम स्वयं उपहास के पात्र बन जाते हैं।

अखबार इस प्रकार के नटवर लालों के कारनामों से भरे रहते हैं लेकिन हम नहीं चेतते। हमारी लोभवृत्ति के कारण ही रोज कोई न कोई नया ठग पैदा हो जाता है। कभी हम पैसा दुगना-तिगुना कराने के फेर में तो कभी जेवर बढ़वाने के चक्कर में लुट-पिटकर बैठ जाते हैं। कभी चिटफंड कंपनियां घोटाले करती हैं तो कभी प्लांटेशन कंपनियां। पिछले दशकों में प्लांटेशन कंपनियों ने भी निवेशकों को कम चूना नहीं लगाया। उनकी इन योजनाओं को बेचने वाले भी कम दोषी नहीं होते। एक प्लांटेशन कंपनी के एजेंट से एक बार पूछा गया कि क्या सचमुच इतनी रिटर्न मिल सकती है तो उसने कहा कि बिलकुल नहीं। फिर क्यों लोगों को ये स्कीमें बेचते हो? उसने कहा कि मोटा कमीशन मिलता है। क्या कमीशन के लिए हम कुछ भी करने लग जाएं? न तो हमें कमीशन के लिए गलत काम करना चाहिए और न ही अधिक लाभ के चक्कर में बेवकूफ बनना चाहिए।

वैसे निवेशक ही नहीं, ठगने वाले भी कम घाटे में नहीं रहते। आज तक कोई नटवर लाल कानून के शिकंजे से बच नहीं सका है फिर भी नए लोगों के इस धंधे में आ जाने का कारण उनकी भी अतिशय लोभवृत्ति ही है। हम लोभ के दुष्चक्र में फंसकर डूब न जाएं, इसके लिए जरूरी है कि हम सामान्य बुद्धि का प्रयोग करते हुए गलत चीज का शुरू से ही विरोध करें और उससे दूर रहें। यदि हम छोटे-मोटे लालच में नहीं पड़ेंगे तो सदा के लिए बड़े धोखों और नुकसान से बचे रहेंगे। लोभवृत्ति ही नहीं अपितु मुफ्त-लाभवृत्ति, आत्मप्रशंसा तथा खुशामद करवाने की आदत, अहंकार, प्रकृति के नियमों के विरुद्ध जाना ऐसी आदतें हैं जो एक दिन हमारे पतन का कारण बनती हैं। अतिशय लोभ की प्रवृत्ति से बचकर ही हम इन दुर्गुणों से बचे रहकर सुखी जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

-सीताराम गुप्ता

अकेलेपन के संत्रास से खोखला होता समाज

जाति-पाति में बंटा एक समाज, जैसा कि हमारा है, अनेकानेक समस्याओं और विद्रूपताओं का घर होता है। गरीबी से लेकर बहुत ज्यादा आर्थिक-सामाजिक असमानता से लेकर, धार्मिक टकराव से लेकर पितृसत्तात्मक हिंसा तक। लेकिन इन दिनों जो एक सवाल ज्यादातर मुझे अक्सर सालता है 'क्या भारतीय समाज के भिन्न तबकों में बढ़ते अकेलेपन से पैदा हुई मनोस्थिति और वजूद पर संकट की आशंका एक अन्य समस्या नहीं?' या फिर, यूके और जापान के 'मिनिस्टर्स ऑफ लोनलीनेस' के शब्दों में, क्या यह समस्या ज्यादातर अमीर और विकसित मुल्कों की है?

खैर, यहां भारत में हम यह दिखावा जारी रख सकते हैं कि परिवार और सगे-संबंधियों से हमारा नाता क्योंकि बहुत मजबूत है, सो इस सामाजिक संबल की वजह से एकाकीपन वैसी गंभीर समस्या नहीं है जिस पर इतनी चिंता की जाए। लेकिन, तथ्य यह है कि हालात तेजी से बदल रहे हैं। और यदि आपकी आंखें सच में खुली हैं और आपके दिल में हमदर्दी है, तो आप इसका मूर्त रूप हमारे बड़े शहरों में फाटक जड़ी कालोनियों में साफ महसूस कर सकते हैं, जब आप वहां 'एकाकियों की भीड़' के पास से गुजरते हैं, तो बुजुर्गों की आंखों में साफ देख सकते हैं कि सुदूर देशों में बसे अपने 'सफल' बच्चों का फोन आने की आस किस कदर है। हां, यहां तक कि उन युवा विद्यार्थियों में भी, जो इस अत्यंत-प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में एक गुमनाम और अदृश्य योद्धा की भांति मिथिकीय सफलता पाने की होड़ में भागे चले जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण खोज एवं जनस्वास्थ्य नामक पत्रिका में 2022 में छपे एक अध्ययन के अनुसार भारत में 20.5 फीसदी वयस्क मध्यम दर्जे के अकेलेपन से और 13.3 प्रतिशत अति-एकाकीपन से ग्रस्त हैं। इसके लिए किसी को व्यावसायिक मनोविज्ञान होने की जरूरत नहीं है कि क्यों अकेलापन, जिसका अनुभव अपना वजूद खो बैठे या गुमनामी झेल रहे या विरक्त हुए या फिर वह लोग जो रिश्तों की गर्माइश और देखभाल की नैतिकता के निरंतर ह्रास से खालीपन से भरे हैंङ्क मौजूदा वक्त में एक बड़ा मसला बनता जा रहा है। मिसाल के लिए समय और गति के प्रति बहुत आसक्ति। आज की तेज रफ्तार, मोबाइल फोन और तकनीक चालित दुनिया में घड़ी का हर पल 'उत्पादकता' और 'दक्षता' बढ़ाने के लिए 'उपयोगिता मूल्य' का सोपान बन चुका है। किसी के पास वह करने की फुर्सत नहीं जो नव-उदारवादी एवं वैश्विक पूंजीवाद के पैमाने पर 'गैर-उत्पादक' प्रयोजन है, मसलन, दोस्त का दोस्त से मिलना और स्वार्थ रहित संवाद या घड़ी-मोबाइल फोन पर नज़रें गड़ाए बिना बुजुर्ग माता-पिता से आत्मीय बातचीत या पड़ोसी से साथ बैठकर चाय पीना, क्रिकेट और मौसम जैसे सतही विषयों या नकली बातों से इतर गप्प-शप लड़ाना, रुचिकर हंसी-मजाक करना।

कोई हैरानी नहीं, हर चीज जल्दबाजी में करने की हमारी हड़बड़ाहट या समय प्रबंधन के प्रति अत्यधिक आसक्ति ने इस युग की गति को और तीव्र कर डाला है। देखा जाए तो 'हमारे तेज उच्चमार्ग, हवाई अड्डे, हमारे मेट्रो स्टेशन' पर इतराना एक प्रकार की बीमारी का द्योतक हैं। बढ़ी हुई मानसिक हरारत के साथ, हम भागम-भाग में लगे हैं, रुककर सोचने-समझने का वक्त नहीं है, न ही प्रकृति का आनंद लेने या हल्का-फुल्का और तनाव मुक्त महसूस करने का। फास्ट फूड से लेकर डेटिंग एप्लीकेशन्स तक, जीवन के तमाम पहलुओं को जितना हो सके तेजी से हड़प लो। रिश्तों के लिए समय चाहिए होता है, इसके लिए ध्यान, परस्पर देखभाल और सहजता जरूरी है। लेकिन हमारी तरजीहों का क्रम उल्टा है, तभी हम ज्यादा-से-ज्यादा अकेले पड़ते जा रहे हैं। उदाहरणार्थ मुम्बई के चर्चगेट स्टेशन या फिर दिल्ली के राजीव चौक मेट्रो स्टेशन की भीड़ में ही नहीं, पूरे सफर में किसी सहयात्री से एक भी शब्द साझा किए बगैर सफर करना या फिर फाटक लगी कालोनी में 1000 वर्ग फुट का आलीशान घर है लेकिन पड़ोस में किसी से जान-पहचान तक नहीं। फैंसी नामधारी और गेट वाली ऐसी कालोनियों में बेशक तमाम सुविधाएं होती हैंङ्क चौबीसों घंटे चौकीदार, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, कार के लिए निर्दिष्ट जगह, क्लब और स्वीमिंग पूल इत्यादि। फिर भी शायद ही कहीं पड़ोसियों के बीच आत्मीय नाता हो, ज्यादातर का तो नाम तक नहीं जानते, कालोनी के रजिस्टर में या आस-पड़ोस के लोगों के बीच आपकी पहचान घर के नंबर से है। अपनी उम्दा कार, शानदार घर या ऊंचे पद के दंभ भरे दिखावे के बीच खुलकर संवाद का भाव नदारद है।

विडंबना देखिए, इंटरनेट और स्मार्टफोन के इस युग में, हम अपने फॉलोवर्स या सबस्क्राइबर्स से तुरंत जुड़ जाते हैं, फेसबुक पर ढेरों मित्र होने से हो सकता है अपनी हैसियत का अनुभव हो। फिर भी, इस आभासीय डिजिटल रिश्तों के बीच, प्रियजनों से आमने-सामने बैठकर बातें करने का जो मजा है वह लुप्त हो गया है। जैसे-जैसे आभासीय वास्तविकता हमारे वजूद को घेरती जा रही है वैसे-वैसे हम समाज से कटते जा रहे हैं। यही वजह है कि खाने की मेज पर भी बच्चे और बड़े अपने-अपने स्मार्टफोन में खोए रहते हैं इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट पर और अधिक लाइक पाने की ललक में हम असली इंसानों की सोहबत खोते जा रहे हैं। यहां हम सही ढंग से जीने में विफल हो रहे हैं, और अब उस अवस्था में हैं जिसे बेसुध यानी 'सदा विचारों से लदा मानस' कहते हैं।

-अविजीत पाठक

आपका राशिफल 22 अगस्त

शुभांक - 9,1,2

पं. लोकेश व्यास

मेष आज का दिन तनावग्रस्त रहने वाला है अतः स्वास्थ्य पर अवश्य ध्यान दें।

वृष नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को खुशखबरी मिल सकती हैं मां सरस्वती की आराधना करें।

मिथुन भविष्य के लिए किसी नई योजना में निवेश कर सकते हैं माता जी का आशीर्वाद अवश्य ले।

कर्क कार्य क्षेत्र में किसी की भी बुराई करने से बचें मेहनत अवश्य रंग लाएगी।

सिंह आज आप किसी पुरानी गलती को लेकर परेशान रहेंगे सतर्क रहें भगवान शंकर की आराधना करें।

कन्या किसी अजनबी पर विश्वास करने से बचें धोखा मिल सकता है कन्याओं को खीर खिलाएं।

तुला दिन भागदौड़ भरा बना रहेगा स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें भगवान सूर्य को जल अर्पित करें।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए अच्छा बना रहेगा अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएं माता पिता का आशीर्वाद लें।

धनु बिना सोचे समझे निवेश करने से बचें लालच में ना आए हनुमान चालीसा का पाठ करें।

मकर अपने अधिकारियों से ना उलझे कार्य क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

कुंभ लापरवाही के कारण स्टूडेंट्स परेशान हो सकते हैं मेहनत करने से सफलता मिलेगी।

मीन आज कामकाज अधिक बढ़ सकता है स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही ना बरतें हनुमान जी की पूजा करें।

राशिफल चंद्रमा और नक्षत्रीय गणना अनुसार लिखा गया है अपने भविष्य की जानकारी के लिए संपर्क करें
ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास
संपर्क - 9009074786

बकरी चराने गई महिला को मगरमच्छ ने बनाया शिकार

पन्ना, यशभारत। पन्ना टाइगर रिजर्व पन्ना के बफर पर्यटन गेट हर्षा के अंदर बसे ग्राम नहरी ग्राम के पास निकले सबुआ नाले के पास बकरी चरा रही 45 वर्षीय आदिवासी महिला मगरमच्छ ने अपना शिकार बना लिया जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम नहरी के सबुआ नाला के पास केन नदी किनारे 45 वर्षीय आदिवासी महिला बकरी चराने गई थी कि तभी वहां आए मगरमच्छ ने उसे निगल लिया। एसडीईआरएफ की टीम द्वारा करीब 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद महिला के शव को नदी से बाहर निकाला गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम क लिए अस्पताल भिजवाते हुए प्रकरण जांच में लिया है।

कुशल प्रशासनिक क्षमता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी का किया गया सम्मान

जबलपुर, यशभारत। कुशल प्रशासनिक क्षमता के लिए मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी का सम्मान किया है। संगठन के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि जबलपुर जिले में विगत 2 वर्षों से अधिक समय में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी जी द्वारा अनेक उत्कृष्ट कार्य किये एवं करवाये गये हैं। मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल, अधारताल एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का कायाकल्प इसके जीवंत उदाहरण हैं। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के दिलीप सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र परिहार, भास्कर गुप्ता, विश्वनाथ सिंह, नितिन तिवारी, आकाश भील, ऋषि पाठक, जी आर झारिया, सतीश खरे, आदेश विश्वकर्मा, दुर्गेश खातरकर, कमलेश दुबे, विष्णु झारिया, अजब सिंह, सुल्तान सिंह, देवराज सिंह, इमरत सेन, डेलन सिंह, पंकज हल्दकार, देवेंद्र राजपूत, मनोज कोल, सहित अन्य ने जिला शिक्षा अधिकारी को शुभाकामनाएं प्रेषित कीं हैं।



फिल्म वर्ग पहेली- 6242

ऊपर से नीचे:-

बायें से दायें:-

फिल्म वर्ग पहेली- 6241

200 महिला तीर्थयात्री एवं कार्यकर्ताओं के समूह ने भजन-कीर्तन करते हुए किया प्रस्थान

विधायक विनय सक्सेना ने तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए बांदकपुर महादेव मंदिर रवाना कीं 3 बसें

जबलपुर, यशभारत। उत्तरमध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना द्वारा विधायक तीर्थ दर्शन यात्रा के तहत एक अनूठा प्रयास किया गया है। राइट टाउन स्थित विधायक कार्यालय से 3 बसें बांदकपुर स्थित महादेव मंदिर के लिए विधायक विनय सक्सेना द्वारा रवाना की गईं। बसों में करीब 200 महिलाएं एवं कार्यकर्ताओं का समूह शामिल रहा। विधायक विनय सक्सेना के नेतृत्व में भक्तजनों को खाने के पैकिट दिए गए हैं। इस संबंध में रोशन दहायक ने कहा कि यात्रा में भजन मंडलियां भी शामिल हैं जिन्हें विधायक श्री सक्सेना की धर्मपत्नि ने ढोलक, मजीरा, वाद्ययंत्र भक्तजनों को वितरित किए हैं। इस दौरान तीर्थयात्रियों की टोलियां बसों में भजन कीर्तन करते हुए विधायक कार्यालय से रवाना हुईं। पल्लवी ठाकुर ने बताया कि तीर्थयात्रियों के खाने के पर्याप्त इंतजाम किए हैं।

कहते हैं पहला प्यार कभी भुलाया नहीं जाता फिर पता नहीं लोग क्यों अपने मां बाप का प्यार भूल जाते हैं। मुफ्त में सिर्फ मां बाप का ही प्यार मिलता है। इसके बाद दुनिया में हर रिश्ते के लिए कुछ न कुछ चुकाना पड़ता है। मंदिरों की जिन मूर्तियों कोहमने बनाया है हम उनकी पूजा तो करते हैं पर जिन्हों हमें बनाया हम उन मां बाप की पूजा क्यों नहीं करते।

-मुनिश्री तरुण सागर

जनआशीर्वाद यात्रा के सदस्य बने नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल

जबलपुर, यशभारत। भारतीय जनता पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक नई जिम्मेदारी सौंपी है। जानकारी के अनुसार जबलपुर संभाग में निकाली जाने वाली जन आशीर्वाद यात्रा के सदस्य के रूप में भाजपा द्वारा कमलेश अग्रवाल का नाम जबलपुर से चयनित किया गया है। नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

भाजपा संगठन का आभार
कमलेश अग्रवाल

यश भारत
नये जमाने के साथ...
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1800/-
15 दिन Rs.1200/-
7 दिन Rs.500/-
3 दिन Rs.250/-
1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण
आम सूचना
इश्तहार
गुमशुदा
नाम सुधार
जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9407348995, 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

» न्यूज गैलरी

राज्यों के 170 से अधिक कलाकारों ने दी जनजातीय और नृत्य प्रस्तुतियां

भोपाल यशभारत। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य एवं ताल के आदिरूपों पर एकाग्र तीन दिवसीय च्ध्वनिनाद समारोहज्ञ का आयोजन 18 अगस्त से 20 अगस्त, 2023 तक किया गया। तीन दिवसीय नृत्य एवं ताल समारोह में उन्ही नृत्यों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें की प्रेरणा के आरंभिक स्त्रोत डंडे का उपयोग प्रमुखता से होता है। इस समारोह में प्रदेश एवं देश के 9 राज्यों के जनजातीय और लोक नृत्य रूपों की प्रस्तुतियाँ संयोजित की गई। समारोह में मध्यप्रदेश, गुजरात, कश्मीर, तेलंगाना, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, झारखंड, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों के जनजातीय एवं लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गई।

समारोह के समापन दिवस पर शुरूआत कलाकारों के स्वागत से की गई।

समारोह में गोंड जनजातीय नृत्य ढंढार - बैतूल (म.प्र.), सहरिया जनजातीय लहंगी नृत्य, निमाड़ अंचल का डण्डा नृत्य-हरदा (म.प्र), गुसाडी नृत्य-तेलंगाना, राउत नाचा नृत्य-छत्तीसगढ़, पाई नृत्य ङ्क उत्तर प्रदेश, कोलाट्टम नृत्य-आंध्र प्रदेश, डांडिया रास नृत्यङ्क गुजरात, कलिंगा डंडा नृत्य उड़ीसा, सोंगी मुखावटे (महाराष्ट्र), पाइकहा नृत्य ङ्क झारखंड, धमाली नृत्य-कश्मीर के कलाकारों द्वारा लोक और जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

स्नेह यात्रा में आत्मीयता से मिट रहे हैं असमानता के भाव

भोपाल ईएमएस। समाज को सद्भावना, प्रेम और समता से जोड़ने वाली स्नेह यात्रा का आज पाँचवां दिन है। 16 अगस्त से प्रारंभ हुई यह यात्रा प्रदेश के 52 जिलों में पूज्य संतों के नेतृत्व में 26 अगस्त तक चलेगी। समाज के सभी वर्गों में आत्मीयता के भाव से असमानता के भाव मिट रहे हैं।सेवा बस्तियों में प्रवास के समय संत सानिध्य से वैसे तो सभी छोटे-बड़े आनन्दित होते हैं पर मातृशक्ति की आस्था देखते ही बनती है। बस्ती में पहुँचने पर संतजनों के पाँव पखारना, करतल ध्वनि और संकीर्तन से स्वागत और पुष्प-वर्षा से सभी का मन आनंदित हो उठता है। मातृशक्ति की आस्था स्नेह यात्रा को और भी गरिमामय बना रही है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सारिका इंडिका, कदम्ब और नीम के पौधे रोपे

भोपाल (ईएमएस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सारिका इंडिका, कदम्ब और नीम के पौधे लगाए।इस अवसर पर डॉ. लोकेश शर्मा ग्वालियर, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. ज्ञान प्रकाश साहू और डॉ. प्रदीप भदौरिया ने पौधे लगाए। महा क्विज के प्रतियोगी नितेश मंडावरिया नीमच और आयुष एवं अपूर्वा ने भी पौधा-रोपण किया। जन्म-वर्षगांठ पर सुश्री प्राची राजपूत और अमित राजपूत ने आज आरक्षक पिता देवेंद्र राजपूत और डॉ. चौरसिया के साथ पौध-रोपण में हिस्सा लिया।

सद्भावना वाहन रैली में भिड़े आरिफ मसूद व साजिद अली के समर्थक

भोपाल ,ईएमएस। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस नेता सैय्यद साजिद अली ने राजधानी में सद्भावना वाहन रैली निकाली। साईं बाबा बोर्ड चौराहे से वाहन रैली शुरू हुई। इसमें बड़ी संख्या में साजिद अली के समर्थक शामिल हुए। जब रैली 10 नंबर चौराहे पर पहुंची तो भोपाल मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक आरिफ मसूद व साजिद अली के समर्थकों के बीच हाथापाई हो गई। विवाद मसूद के बैनर को लेकर हुआ। आरिफ मसूद के समर्थकों का कहना था कि साजिद अली समर्थकों ने विधायक मसूद का बैनर निकाल दिया। वहीं साजिद अली के समर्थकों ने कहा कि मसूद के समर्थक वाहन रैली में व्यवधान डाल रहे थे। बैनर लेकर मसूद के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। इस बात को लेकर दोनों नेताओं के समर्थकों के बीच पहले कहासुनी हुई और नौबत हाथापाई तक हो गई। बीच-बचाव के बाद समर्थक माने। दरअसल शहर की मध्य विधानसभा क्षेत्र में साजिद अली भी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी कर रहे हैं।

तत्काल लग जाएगी आचार संहिता

मध्य प्रदेश में नवंबर माह में ही चुनाव होने की उम्मीद

भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियां राजनीतिक दलों के साथ ही चुनाव आयोग ने भी शुरू कर दी है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और हटाने का क्रम जारी है। जहां भाजपा के पास अपनी सरकार बचाए रखने की चुनौती है, तो डेढ़ साल में ही सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस दोबारा सरकार बनाने के प्रयास में जुटी है, वहीं उम्मीद की जा रही है कि मध्य प्रदेश में नवंबर माह में चुनाव करवाए जा सकते हैं।दरअसल, इन दिनों मध्य प्रदेश में मतदाता सूची का पुनरीक्षण जारी है, जिसमें नए मतदाताओं के नाम भी जोड़े जा रहे हैं। इसमें 1 अक्टूबर 2023 को 18 साल की उम्र पूरी कर रहे लोग भी अपना नाम जुड़वा सकते हैं और वे इस विधानसभा चुनाव में वोट भी डाल सकेंगे। जाहिर सी बात है कि ऐसे में अक्टूबर माह तक तो चुनाव नहीं हो सकते। लिहाजा पूरी स्थिति को देखें तो नवंबर माह में ही चुनाव होने की उम्मीद जताई जा रही है। मध्य प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर को किया जाएगा। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद चुनाव आयोग करीब 10 दिनों में आचार संहिता की घोषणा करता है। ऐसे में उम्मीद है कि मध्य प्रदेश में 15 अक्टूबर से पूर्व आचार संहित लग सकती है।

पिछली बार कब हुए थे चुनाव

मध्य प्रदेश में अंतिम विधानसभा चुनाव 2018 में हुआ था। 28 नवंबर को एक ही चरण में प्रदेश में चुनाव करवा दिए गए थे।

क्या रहा था पिछले चुनाव का हाल?

2018 के चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी और सपा, बसपा और अन्य के साथ मिलकर कांग्रेस ने सरकार बनाई थी। चुनाव परिणाम में कांग्रेस ने 114 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि 15 सालों तक सत्ता में रही भाजपा को 109 सीटों पर जीत मिली। इधर, बसपा ने 2, सपा ने 1 और अन्य ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की थी

भाजपा फिर सत्ता में लौटी

मध्य प्रदेश में कांग्रेस अपनी सरकार सिर्फ डेढ़ साल तक ही चला पाई और ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने 22 समर्थक विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। जिसके बाद कमल नाथ को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था और शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में वापस भाजपा की सरकार बनी थी।

करों की अदायगी न करने वाले बड़े बकायादारों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही

भोपाल यशभारत। नगर निगम द्वारा जहां एक ओर संपत्तिकर जमा करने वालों को 31 अगस्त 2023 तक वर्ष 2023-24 के संपत्तिकर में 06 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जा रही है वहीं बड़े बकायादारों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अमले ने वार्ड क्र. 42 में लक्ष्मीगंज गल्ला मण्डी स्थित महालक्ष्मी परिसर में लोक निर्माण विभाग के 12 आवासीय प्रकोष्ठों एवं भोपाल विकास प्राधिकरण के 07 आवासीय प्रकोष्ठों तथा चिकलोद रोड स्थित रंभा सिनेमा की सम्पत्तियां कुर्क करने की कार्यवाही की। उक्त तीनों बकायादारों पर 01 करोड़ 06 लाख 64 हजार रुपये की राशि बकाया है। निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए के निर्देश पर निगम के जोन क्र. 10 के अमले ने वार्ड क्र. 42 में बड़े बकायादारों के विरूद्ध कार्यवाही की। निगम अमले ने लक्ष्मीगंज गल्ला मण्डी स्थित लोक निर्माण विभाग के महालक्ष्मी परिसर पर 69 लाख रुपये की राशि बकाया होने पर महालक्ष्मी परिसर के टी-1, 101 से 106 एवं 201 से 206 आवासीय प्रकोष्ठों पर तालाबंदी की कार्यवाही की। इसी प्रकार भोपाल विकास प्राधिकरण के लक्ष्मीगंज गल्ला मण्डी स्थित महालक्ष्मी परिसर के आवासीय प्रकोष्ठों पर लगभग 36 लाख रुपये की राशि बकाया होने पर बी.डी.ए. की बिल्डिंग बी-10 के प्रकोष्ठ क्रमांक 101 एवं 102 बी-11 के प्रकोष्ठ क्रमांक 101, 102 व 104 तथा बी-12 के प्रकोष्ठ क्रमांक 101 व 104 प्रकोष्ठों में तालाबंदी की कार्यवाही की। निगम अमले ने चिकलोद रोड स्थित रंभा सिनेमा पर 01 लाख 64 हजार रुपये सम्पत्तिकर बकाया होने पर रंभा सिनेमा के मुख्य द्वार पर बोर्ड लगाकर तालाबंदी की।

शिवराज सरकार ने दी पेंशनरों को बड़ी सौगात

जुलाई से मिलेगी 42 प्रतिशत महंगाई

भोपाल , यशभारत। शिवराज सरकार मध्य प्रदेश के साढ़े चार लाख पेंशनरों को बड़ी राहत देने जा रही है। एक जुलाई 2023 से इन्हें 42 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिलेगी। इससे कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और पेंशनरों की महंगाई राहत बराबर हो जाएगी। सात अगस्त को ही सरकार ने महंगाई राहत 33 से बढ़ाकर 38 प्रतिशत की थी।



छत्तीसगढ़ सरकार ने मप्र से मांगी थी सहमति

वित्त विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने एक जुलाई से महंगाई राहत 38 से बढ़ाकर 42 प्रतिशत करने का निर्णय करते हुए इसे लागू करने मध्य प्रदेश से सहमति मांगी थी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी पत्र लिखा। शिवराज सरकार पहले ही पेंशनरों को कर्मचारियों के बराबर महंगाई राहत देने का सैद्धांतिक निर्णय कर चुकी थी लेकिन छत्तीसगढ़ ही इसमें वृद्धि के लिए सहमति देने में विलंब कर रहा था।

वित्त विभाग ने प्रस्ताव बनाकर

निर्णय के लिए कैबिनेट को भेजा

अब जब सहमति मांगी गई है तो वित्त विभाग ने प्रस्ताव बनाकर निर्णय के लिए कैबिनेट को भेज दिया है। मंगलवार को प्रस्तावित बैठक में चार प्रतिशत महंगा राहत बढ़ाने का निर्णय लेकर सहमति पत्र भेज दिया जाएगा। सितंबर से 42 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत दी जाएगी।

मोबाइल के यूट्यूब वीडियो को लैपटाप पर देखने की मिलेगी सुविधा

भोपाल, ईएमएस। मोबाइल से लैपटाप पर यूट्यूब वीडियो स्विच करना अब मुश्किल नहीं है। कुछ ही समय में अब स्मार्टफोन को लैपटाप से जोड़कर यूट्यूब वीडियो को देखा जा सकता है। खास बात है कि यूट्यूब वीडियो को लैपटाप या कम्प्यूटर पर कास्ट करते समय मोबाइल फोन एक रिमोट कंट्रोलर की तरह काम करता है। इससे युवाओं को वीडियो बनाने और देखने में मदद भी मिल सकेगी।

इनबिल्ट कनेक्ट ऐप किया तैयार

इसके लिए माइक्रोसाफ्ट ने एक इनबिल्ट कनेक्ट ऐप बनाया है जो एंड्रायड फोन को विंडोज लैपटाप या डेस्कटाप आदि से जोड़ता है। कई बार आपको मोबाइल पर चलने वाला वीडियो इतना पसंद आ जाता है कि उसे यूजर्स लैपटाप पर भी देखना पसंद करते हैं। इस फीचर का इस्तेमाल कर फोटो, वीडियो व डाटा रखें सुरक्षित वहीं फेसबुक ने भी नया फीचर बाजार में उतारा है। जिसे शहर के युवाओं द्वारा काफी पंसद भी किया जा रहा है।फेसबुक के लीगेसी अकाउंट के बाद फोन में भी अब ऐसा ही फीचर दिया जा रहा है। आइफोन में यह फीचर पहले से ही उपलब्ध है। इस फीचर का इस्तेमाल यूजर्स की फोटो, वीडियो और संवेदनशील डाटा को सुरक्षित रखने के लिए किया जा रहा है।

क्या है लीगेसी कान्टैक्ट?

लीगेसी फीचर का इस्तेमाल करने के लिए मेन यूजर्स को किसी एक इंसान का नाम चुनने का मौका दिया जाता है, जिसे आप अपने भविष्य के लिए फोन के अधिकार सौंपना चाहते हैं। ऐसे में मेन यूजर के न रहने पर उसके डिवाइस का एक्सेस चुने हुए यूजर्स को मिल जाता है। इस फीचर का इस्तेमाल आप कर सकते है।

पुलिस ने लूट-चोरी के 642 मोबाइल फोन किए जब्त

भोपाल (ईएमएस)। प्रदेश के इंदौर शहर के रावजी बाजार थाने की पुलिस द्वारा पकड़े गए मोबाइल चोरों एवं लुटेरों के तार बैंकाक, नेपाल और दुबई से जुड़ रहे हैं। पुलिस को लूट एवं चोरी के 642 मोबाइल फोन जब्त करने में सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार, गिरोह का सरगना जितेंद्र वासवानी उर्फ जैक है, जो देशभर के लुटेरों और चोरों से फोन खरीदकर विदेशों में सप्लाई करता है। पुलिस ने जैक के गोदाम से 60 लाख रुपये से ज्यादा कीमत के 642 मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। डीसीपी जोन-4 आरके सिंह के अनुसार, गिरोह के एक सदस्य विक्की उर्फ नादिया निवासी अर्जुनपुरा मल्टी ने इत्र विक्रेता आमिर का आशीर्वाद लेने के बहाने फोन चुराया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नादिया को पकड़ा तो उसने अरुण सिंह निवासी महूनाका, कृष्णा उर्फ क्रिश सिसोदिया निवासी रंगवासा का नाम कुबूला। तीनों ने बताया कि चोरी का फोन राजमहल कालोनी निवासी जितेंद्र वासवानी उर्फ जैक उर्फ जानी को बेचा है।

मप्र में मानसून की सक्रियता होने लगी कम

भोपाल (ईएमएस)। प्रदेश में एक बार पुनः मानसून की सक्रियता कम होने लगी है। कम दबाव का क्षेत्र अब प्रदेश में कमजोर पड़ने लगा है। इसके हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में परिवर्तित होकर आगे बढ़ने की संभावना है। आज से प्रदेश के अधिकतर जिलों में मौसम साफ होने लगा है । इस वजह से धूप भी निकलेगी और दिन का तापमान बढ़ने लगेगा। हालांकि वातावरण में नमी बरकरार रहने के कारण ग्वालियर, उज्जैन एवं भोपाल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं छिटपुट बौछारें पड़ सकती हैं। उधर रतलाम में 25, बैतूल में 13, जबलपुर में 11.4, रीवा में 11, पचमढ़ी में सात, मंडला एवं धार में दो, उज्जैन में एक, मलाजखंड में 0.8, इंदौर में 0.7, छिंदवाड़ा में 0.4 मिलीमीटर वर्षा हुई। भोपाल, खजुराहो एवं नर्मदापुरम में बूंदाबांदी हुई। पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से प्रदेश में कहीं-कहीं मध्यम स्तर की वर्षा हो रही है। हालांकि कम दबाव का क्षेत्र अब कमजोर पड़ गया है। इसके ऊपरी हवा के चक्रवात के रूप में परिवर्तित होकर आगे बढ़ने की संभावना है।इस वजह से अब मानसून की गतिविधियों में कमी आने लगेगी। बादल छंटने से धूप निकलेगी। उधर, वातावरण में नमी रहने के कारण सोमवार को भोपाल, उज्जैन एवं ग्वालियर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं मध्यम स्तर की वर्षा हो सकती है।

बढ़ेगा तापमान, पड़ सकती हैं छिटपुट बौछारें

चोरी की दो मोटर सायकिल व एक्टीवा बरामद

भोपाल (ईएमएस) । शहर में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा वाहन चोर, लुटेरों की धरपकड़ हेतु पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र द्वारा दिशा निर्देश दिए गयें है ।उक्त अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त रियाज इकबाल जोन क्र.03 एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दुर्गेश राठौर एवं सहायक पुलिस आयुक्त हनुमानगंज संभाग राकेश बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना गौतम नगर द्वारा एक टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वार विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर रेशम केंद्र गोल घेरे के पास से दो नाबालिक बालको (विधि उल्लघंन बालक) को मय मोटर सायकिल बजाज पलेटिना MP®y-QT -7168 के अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की विधि उल्लघंन बालको के द्वारा वाहन मो.सा. को तीन दिन पहने आरिफ नगर मस्जिद के पास से चोरी करना स्वीकार करने व अन्य मामलो के संबंध में पूछताछ कर मेमोरेण्डम लेख कर थाना गौतम नगर के अपराध क्र. 397/23 धारा 379 भादवि में चोरी गई मोटर सायकिल बजाज पलेटिना MP®y-QT -7168 को जप्त किया तथा विधि उल्लघंन बालको के मेमोरेण्डम के आधार पर फूटा मकबरा गली न.02 के पास से थाना गौतम नगर के अपराध क्र. 241/23 धारा 379 भादवि में चोरी गई मो.सा. टी.वी.एस. स्टार सिटी एम.पी.04 एम.एन. 6433 तथा थाना हनुमानगंज भोपाल के अ.क्र. 298/23 धारा 379 भादवि में चोरी गई एक्टीवा एम.पी.04 एस.जे.9291 को इस्तगासा क्र.01/23 धारा 41(1-4) जा.फौ./379 भादवि में जप्त की गई।

दुष्कर्म का आरोपित जेल से छूटकर करने लगा परेशान, गिरफ्तार

भोपाल, यशभारत। युवती के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया। बाद में आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से लूटते ही उसने फिर से पीड़िता से छेड़खानी करना शुरू कर दी। वह समझौताकरने के लिए दबाव डाल रहा था। दो दिन पहले उसने अपने भाई के साथ मिलकर युवती से छेड?ानी करते हुए धमकाया तो युवती ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने छेड़खानी व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर दो दिन बाद आरोपित गिरफ्तार कर लिया है। कमला नगर थाना प्रभारी निरुपमा पांडे ने बताया कि 20 वर्षीय युवती कमला नगर इलाके बलात्कार का में रहती है। इस युवती के साथ पूर्व में असलम नाम के युवक ने ज्यादती की। पुलिस ने इस मामले में असलम के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। जेल से छूटने के बाद उसने फिर से युवती को परेशान करना शुरू कर दिया। वह प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से युवती पर समझौता करने का दबाव डाल रहा था। युवती ने जब मना कर दिया तो वह युवती को परेशान करने लगे। युवती जब भी घर से बाहर निकलती तो असलम उसके साथ छेड़खानी करने लगता। दो दिन पहले युवती घर के बाहर खड़ी हुई थी। इसी दौरान असलम और उसका भाई आसिफ वहां पर पहुंच गया। उन्होंने छेड़खानी करते हुए फिर से समझौता करने के लिए दबाव डाला। युवती ने परिजनों को पूरी बात बताई तथा कल थाने जाकर मामले की शिकायत कर दी। पुलिस ने असलम व आसिफ के खिलाफ छेड़खानी व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उनको गिरफतार कर लिया है।

नौ साल की मासूम से छेड़छाड़ का आरोपित अभी भी फरार

बागसेवनिया इलाके में एक युवक ने नौ साल की मासूम से छेड़छाड़ की। वह पिछले कई दिनों से परेशान भी कर रहा था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दिया है। पुलिस ने बताया कि नौ साल की मासूम बागसेवनिया इलाके की एक कालोनी नी में रहती है।

ट्रक डम्फर का डीजल चोरी करने वाला ड्राईवर एवं खरीदने वाला पुलिस गिरफ्त में

भोपाल, यशभारत। शहर मे हो रही चोरी नकबजनी पर नियंत्रण रखने तथा मुखबिर तंत्र विकसित कर सतप्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा समुचित दिशा निर्देश दिये गये है । उक्त निर्देशो के अनुक्रम मे पुलिस उपायुक्त जोन 02 भोपाल श्रीमति श्रध्दा तिवारी के मार्गदर्शन मे ,अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 02 भोपाल श्री महावीर मुजालदे , सहायक पुलिस आयुक्त मिसरोद डॉ. रजनीश कश्यप के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी मिसरोद उनि रासबिहारी शर्मा के नेतृत्व मे मिसरोद पुलिस ने वाहन से डीजल चोरी की घटना का किया खुलासा । 19 अगस्त को फरियादी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया की 11 मील बायपास के पास खड़े डम्फर से किसी अज्ञात चोरो ने डम्फर डीजल चोरी कर रहे है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया ।

लोन एप से ठगी कर दंपती समेत बच्चों समेत खुदकुशी के लिए उकसाने वाले पांच आरोपित और गिरफ्तार

भोपाल,यशभारत। रातीबड़ के तिरुपति शिव विहार कालोनी में मासूम बच्चों को जहर देकर फांसी लगाकर खुदकुशी करने वाले दंपती को खुदकुशी के उकसाने वाले के मामले में पुलिस पांच और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। एसआइटी की जांच में पता चला कि मृतक भूपेंद्र विश्वकर्मा से जालसाजों ने हमीदिया रोड भोपाल स्थित यस बैंक में अमायरा ट्रेडर्स के नाम से खोले गए खाते में रकम जमा करवाई गई थी। इस मामले में ट्रेडर्स के प्रोपराइटर और एक बैंक कर्मचारी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके पहले एसआइटी राजस्थान से एक आरोपित को गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि रुपये ट्रांसफर करवाने वाले मुख्य आरोपित की अभी तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार मूलतः रीवा निवासी भूपेंद्र कुमार विश्वकर्मा (38) यहां शिव विहार कालोनी में अपनी पत्नी रितु विश्वकर्मा (34), बेटे रितुराज (8) और रिषीराज (3) के साथ रहते थे। बीती 13 जुलाई को उन्होंने दोनों बच्चों को माजा में जहर पिलाने के बाद पत्नी समेत फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने भूपेंद्र के घर से चार पन्नों का एक सुसाइड नोट बरामद किया था, जिसमें उन्होंने अपने साथ हुई जालसाजी के बारे में विस्तार से बताया है। दरअसल वह पार्ट टाइम जाब के चक्कर में आनलाइन जालसाजों के चंगुल में फंस गए थे। आनलाइन लोन देने वाले ऐप के माध्यम से उन पर करीब 17 लाख रुपये का लोन हो गया था। जालसाज लोन चुकाने के लिए दबाव डाल रहे थे और उन्हें बदनाम करने लगे थे। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, धोखाधड़ी करने और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।



एसआईटी कर रही मामले की जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए एसआईटी की गठन किया गया था। एसआईटी ने जालसाजों को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। उसके बाद यह दूसरी सबसे बड़ी गिरफ्तारी है। इस बार पुलिस ने अमायरा ट्रेडर्स के प्रोपराइटर शारिक बेग निवासी ईटखेड़ी, अरशद बेग निवासी तलैया, मोहम्मद उबेस निवासी हनुमानगंज, शाहजवां खान निवासी तलैया और फरहान रहमान निवासी अशोका गार्डन को गिरफ्तार किया गया है।

बैठक साढ़े चार हजार कांग्रेस नेताओं ने किए हैं आवेदन

सितंबर के पहले पखवाड़े में लगभग सौ उम्मीदवार घोषित कर सकती है कांग्रेस

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस सितंबर के पहले पखवाड़े में लगभग सौ सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करने की तैयारी में है। इसमें अधिकतर वह सीटें होंगी जहां कांग्रेस पिछले चुनाव में हार गई थी। रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर सहमति बनी है। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव सहित सभी बड़े नेता उपस्थित थे। टिकट के लिए साढ़े चार हजार कांग्रेस नेताओं ने आवेदन किए हैं।

चयन के मापदंडों पर भी बैठक में चर्चा

उम्मीदवार चयन के मापदंडों पर भी बैठक में चर्चा की गई। पार्टी द्वारा कराए गए सर्वे की रिपोर्ट, कार्यकर्ताओं का फीडबैक, लगातार हारने वाली 66 सीटों पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के दौरे में मिले फीडबैक आदि मापदंडों के आधार पर चयन किया जाएगा।किसी सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा नहींबैठक में किसी सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा नहीं हुई। हालांकि, यह राय जरूर बनी है कि हर सीट में जातिगत समीकरणों को गंभीरता से देखा जाए। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कमल नाथ ने कहा कि भाजपा ने भले ही 39 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, पर हम उनके चक्कर में जल्दबाजी नहीं करेंगे।

छानबीन समिति के अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी जिलाध्यक्षों के साथ करेंगे बैठक

मप्र विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन के लिए बनी छानबीन समिति के प्रमुख व पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला दो सितंबर को भोपाल आएंगे। वहां यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे। यहां वे संभावित नामों पर भी रायशुमारी करेंगे। अलग से भी कुछ लोगों से बात करेंगे। दोनों पदाधिकारी चार दिन प्रदेश में रहेंगे। माना जा रहा है कि इनका दौरा कांग्रेस की पहली सूची को अंतिम रूप देने के लिए है।

भाजपा सरकार के 18 वर्ष के कार्यकाल की कमियों को चुनाव अभियान में उठाएगी

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा सरकार के 18 वर्ष के कार्यकाल की कमियों और भ्रष्टाचार को लेकर मैदान में उतरेगी। रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कमल नाथ की अध्यक्षता में हुई चुनाव अभियान समिति की बैठक में चुनाव के मुद्दों पर चर्चा की गई।, बैठक में यह भी तय किया गया है कि कांग्रेस अपने 15 माह के कार्यकाल की उपलब्धियां भी जनता को बताएगी। सभाओं के अलावा नुक्कड़ नाटक और इंटरनेट मीडिया से भी प्रचार किया जाएगा।

निजी व सरकारी कालेजों की 9.54 लाख सीटों के लिए सीएलसी राउंड

भोपाल यशभारत। प्रदेश के 1,349 निजी व सरकारी कालेजों की 9.54 लाख सीटों के लिए चौथा और पांचवां कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) राउंड एक साथ चल रहा है। चौथे राउंड में यूजी व पीजी में अपग्रेडेशन का विकल्प लेने वाले 17,524 विद्यार्थियों को सीटें आवंटित कर दी गई हैं।पहले दिन यूजी-पीजी में 2,538 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। विद्यार्थियों के पास आवंटित सीट पर रविवार तक प्रवेश लेने का अंतिम समय था। चौथे चरण में यूजी-पीजी में 1.12 लाख विद्यार्थियों को आवंटन हुआ था, इसमें 67 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जबकि 45 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने आवंटित सीट छोड़कर अपग्रेडेशन का विकल्प चुना है।यूजी में 83,279 विद्यार्थियों को आवंटन मिला था, जबकि 54,213 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। वहीं, पीजी में 29,102 के आवंटन पर 13,288 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। बता दें, कि प्रदेश के यूजी कालेजों में अब तक करीब साढ़े तीन लाख से अधिक प्रवेश हो चुके हैं, जबकि अभी तीन लाख से ज्यादा सीटें खाली हैं। वहीं, पीजी में करीब डेढ़ लाख से अधिक प्रवेश हो चुके हैं।पांचवें अतिरिक्त सीएलसी राउंड में यूजी-पीजी में 29,689 विद्यार्थियों ने नए पंजीयन कराए हैं, जबकि 89,644 विद्यार्थियों ने च्वाइस लाक की है। इसमें यूजी में 20,296 विद्यार्थियों ने नए पंजीयन के साथ 56,533 ने च्वाइस लाक की है।

चौथे राउंड में 17,524 विद्यार्थियों ने चुना अपग्रेडेशन का विकल्प

» न्यूज गैलरी

शिक्षकों और कर्मचारियों को दिया जाए कि गृह भाड़ा भत्ता

पनागर, यशभारत। म. प्र. शिक्षक कांग्रेस जिला शाखा जबलपुर के अध्यक्ष पं. विश्वदीप पटैरिया ने जारी विज्ञप्ति में मध्यप्रदेश शासन से मांग की है कि प्रदेश के शिक्षकों को छटवें वेतनमान के अनुसार गृह भाडा भत्ता दिया जा रहा है जबकि केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों को सातवें वेतन मान अनुसार गृह भाडा भत्ता दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश के शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ अन्याय हो रहा है जो अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अतः शासन से शीघ्र ही गृह भाडा भत्ता सातवें वेतन मान के अनुसार देने की मांग शिक्षक कांग्रेस के पं. विश्वदीप पटैरिया, किशन विश्वकर्मा, तीरथ साहू, कमलेश पटेल, विजय शंकर बाजपेयी, प्रदीप पटेल, सोनू पटेल, अरुण दीवान, राधे यादव, पवित्र खरे, सुरेश कोरी, आदि शिक्षक नेताओं ने मध्यप्रदेश शासन से शीघ्र गृह भाडा भत्ता देने की मांग की है।

पार्षद तीर्थ दर्शन यात्रा हेतु गोटेगांव से बांदकपुर बस हुई रवाना

नरसिंहपुर गोटेगांव, यशभारत। स्थानीय एसआरजी कार्यालय परिसर से मणि नागेंद्र सिंह मोनू भैया फाउंडेशन के तत्वाधान में पार्षद तीर्थ दर्शन यात्रा पार्षद श्रीमती पूजा राजू राजपूत के सौजन्य से गोटेगांव से बांदकपुर के लिए 170 महिला श्रद्धालु बस द्वारा रवाना हुई सर्वप्रथम समस्त श्रद्धालुओं ने मां नर्मदातट मुंआर घाट पहुंचकर पूजन अर्चन कर मां नर्मदा मैयाजी का जल लेकर श्रीदेव ठाकुर बाबा परिसर पहुंचे जहां पर पूर्व राज्यमंत्री नरसिंहपुर विधायक मा.जालमसिंह ने सभी तीर्थ यात्रियों का स्वागत सत्कार करते हुए गंगाजल पूजन सामग्री एवं वस्त्र भेंट करते हुए मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देकर बसों द्वारा महिलाएं श्रद्धालुजनो को श्रीदेव ठाकुर बाबा परिसर से बांदकपुर के लिए रवाना किया इस अवसर पूर्व विधायक हाकमसिंह चढ़ार राजकुमार जैन सांसद प्रतिनिधि पंकजचौकसे निधानसिंह पटेल दादूराम पटेल राजूराजपूत राजेश राजपूत अभिषेक पटेल जितेंद्र पुरोहित सरपंच सुधीर पटेल विधानसभा मीडिया प्रभारी राहुल खेमरिया संदीप विश्वकर्मा पुरुषोत्तम पटेल सहित समस्त फाउंडेशन पदाधिकारी पदाधिकारियों सदस्यो कार्यकर्ताओं ने यात्रियों की मंगलमय यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं बधाई देकर रवाना किया।

डेंगू मलेरिया की इस सीजन में सर्वाधिक संभावना

सावधानी में ही सुरक्षा मच्छरों से करें बचाव

तेन्दूखेड़ा/दमोह, यशभारत। वर्षा का मौसम शुरू होते ही मच्छरजनित रोगों जैसे डेंगू व मलेरिया की समस्या बढ़ जाती है। इस मौसम में डेंगू व मलेरिया के मच्छरों के लार्वा पनपते हैं। ऐसे में डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए घर के आसपास पानी जमा न होने दें। चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि इन बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि सावधानी बरती जाए। डेंगू का मच्छर 15 फीट से अधिक नहीं उ? पाता है। साफ पानी यदि घर के आसपास जमा न होने दिया जाए तो डेंगू की आशंका को खत्म किया जा सकता है। मलेरिया से बचाव के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। मच्छरों के घरों में प्रवेश न होने देने के लिए विभिन्न साधन अपनाना चाहिएचाहिए

डाक्टरों ने दी सलाह और सावधान रहने की जानकारी

तेन्दूखेड़ा सीबीएमओ आर आर बागरी का कहना है कि डेंगू सं मित मादा एडीस मच्छर के काटने से स्वस्थ्य व्यक्ति के शरीर में वायरस प्रवेश कर सं मण उत्पन्न करता है। मादा एडीस मच्छर इस वायरस का वाहक है जो स्थिर पानी जैसे कूलर, टंकी या घर में खुले रखे बर्तन में कई दिनों से पानी बदला न गया हो, वहां डेंगू के मच्छर पनपते हैं। यह मच्छर दिन में ही काटता है। डेंगू के मरीज को दिन में भी मच्छरदानी लगाकर सोना चाहिए जिससे कि मच्छर उन्हें काटकर रोग को न फैलाएं

आर आर बागरी सीबीएमओ स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा

डेंगू के प्रमुख लक्षणों में अचानक कंपकंपी के साथ बुखार आना, आंखों के पीछे व मांसपेशियों में दर्द, छाती, गला और चेहरे पर लाल दाने उभरना है। इस बीमारी में लगातार बुखार रहता है। इसमें पेट में दर्द, उल्टी, सरदर्द, बेचैनी या सुस्ती के भी लक्षण होते हैं। ये सारे लक्षण डेंगू के मच्छर के काटने के एक सप्ताह के बाद र दिखाई देते हैं। इस स्थिति में बीमारी र का समय पर अच्छा इलाज होना में जरुरी है। त्वरित इलाज से इस ने बीमारी से बचा जा सकता है। डेंगू मलेरिया के लक्षण होने पर अपने न निकटतम शासकीय स्वास्थ्य केंद्र न जाकर चिकित्सक से परामर्श लें ।

डा. संजय विश्वकर्मा स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा

मच्छरों से बचाव ही सुरक्षा है। इसके लिए घर के आसपास किसी तरह का पानी जमा न होने दें। इसके अलावा मच्छरों को घरों में प्रवेश करने से रोकने के लिए खिड़कियों में जाली लगाएं, मच्छर दानी और मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती 1 आदि का प्रयोग करें। घर में छोटे बच्चों को फुल आस्तीन वाले कपड़े पहनाएं ।

डा.अमन सोनी स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा

स्व. राजीव गांधी की जयंती पर किशनगढ़ में विशाल भंडारा

तेंदूखेड़ा , यशभारत। स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती पर सिद्ध क्षेत्र किशनगढ़ धाम में पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया राजीव गांधी जी की जयंती पर राजीव गांधी जी को सभी ने याद किया किशनगढ़ धाम प्राकृतिक धरोहर है हर वर्ष यहां पर विशाल मेला लगता है भी आसपास के क्षेत्र से लेकर दूरदराज के लोग भी यहां पर सिद्ध क्षेत्र किशनगढ़ के दर्शन करने के लिए आते हैं और यहां पर एक प्राकृतिक झरना है जो यहां का सौंदर्य दृश्य माना जाता , इस दौरान लगभग 300 युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की इस दौरान रघुनाथ यादव राजकुमार सिंह ठाकुर रूप सिंह ठाकुर इमरत यादव कांग्रेसी एवं ग्रामीण जनों की की उपस्थित रहे।

ग्वारीघाट से कटंगी तक विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई

बेलखाडू में हुआ कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत

बेलखाड़ू, यशभारत। श्रावण माह के पावन पर्व पर शिव शंकर कावड़ यात्रा समिती शंकर बाड़ा कटंगी द्वारा कई वर्षो से निकाली जा रही कावड़ यात्रा इस वर्ष भी श्रावण मास के सोमवार को एक विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई जिसमें कटंगी सहित आसपास के भारी संख्या में कावड़धारी शामिल हुए कावड़ यात्रा की शुरुआत ग्वारीघाट मे मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर हुई एवं करीब 50 किलोमीटर ग्वारीघाट से कटंगी तक की यात्रा कावड़धारियों ने पैदल चलकर अपने कंधे पर कावड़ रखकर एवं बम भोले के जयकारे लगाते हुए कावड़ यात्रा निकाली, ग्वारीघाट से कटंगी तक पैदल नर्मदा जल लेकर निकली कांवड़ यात्रा जगह जगह स्वागत किया गया। वही माल बाबा मंदिर खैरी एवं बेलखाडू मैं कावड़ धारियों को ,चाय नाश्ता,भोजन फलाहार कल फूल आदि का प्रबंध धर्म प्रेमियों द्वारा रखा गया स्वागत करने के दौरान वीरेंद्र चौबे प्रशांत मिश्रा ब्रज यादव अरविंद साहू राजू शुक्ला तरुण साहू दिनेश साहू पप्पू साहू रमन नामदेव मोन्टी नगायच मनीष पटेल गन्नू साहू विक्की साहू जानू शिवहरे आदि भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे।

गौरी घाट से कावड़ यात्रा पहुंची निभोरा छतरपुर शिव धाम

पनागर, यशभारत। .ग्राम छतरपुर नीभौरा पनागर क्षेत्र के आसपास के धर्म भक्तों ने आज सुबह 5बजे मां नर्मदा के चरणों में गोरीघाट पहुंचकर मां नर्मदा का पूजन कर नर्मदा जल को लेकर कावड़ यात्रा के माध्यम से बम बम भोले का उद्घोष करते हुए लगभग 50 किलोमीटर की पदयात्रा कर शिव धाम पहुंची रास्ते में तीन पट्टी नगर निगम चौक जबलपुर में केवट समाज रानीताल के द्वारा मिलोनीगंज में विधायक सुशील तिवारी के निवास में कावड़ियों का स्वागत गोहलपुर में भारत सिंह यादव महाराजपुर में पार्षद लक्ष्मण गोटिया भाजपा के जिला मंत्री दिनेश पटेल ने अपने निवास स्थान में नगर पालिका पनागर के सामने कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री समझी सैनी जी द्वारा तथा पनागर के हृदय स्थल कमानिया गेट पर आदर्श व्यापारी संघ पनागर के अध्यक्ष पदम मोदी जी के तत्वाधान में स्वागत बंधन अभिनंदन किया गया विभिन्न प्रकार के फल फूल कांवड़ियों को प्रदान किए गए और संघ के अध्यक्ष पदम मोदी द्वारा यहां पर यात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया इस अवसर पर पूर्व विधायक पंडित नरेंद्र त्रिपाठी सांसद प्रतिनिधि विमल जैन भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मोदी श्रीमती कांति अशोक सैनी जम्मू यादव बालकिशन कुशवाहा संजू कुशवाहा आदित्य कुशवाहा वीरू उपाध्याय राजेंद्र पटेल मनोज चौधरी महेश कुकरेजा आदित्य को व्यापारी उपस्थित थे कावड़ियों को प्रसाद के रूप में मखाने दिए गए जगह जगह कांवरियों को स्वागत के साथ-साथ लोगों ने अनेक जगह पेयजल की व्यवस्था भी की थी भगवान शिव के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

आर्यावर्त सामाजिक संस्था ने निकाली विशाल कावड़ यात्रा

गाडरवारा (यशभारत)। भगवान भोले शंकर के जयकारे लगाते हुए क्षेत्र की आर्यावर्त सांस्कृतिक सामाजिक संस्था के संरक्षक राव उदय प्रताप कौरव ने अपने साथियों के साथ श्रावण मास के पावन अवसर पर विशाल कावड़ यात्रा निकाली । सावन सोमवार नागपंचमी के अवसर पर कावड़ यात्रा सुबह 7 बजे मां नर्मदा के ककराघाट से हजारों महिला पुरुष श्रद्धालुओं के साथ प्रारंभ हुई । कावड़ यात्रा गाडरवारा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई छिड़ाव घाट नदी मोहल्ला स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंची , मंदिर में भगवान भोले शंकर का अभिषेक किया गया । कावड़ यात्रा में हजारों श्रद्धालुजन कावड़ लेकर चल रहे थे द्य पूरे रास्ते पर जगह-जगह कावड़ यात्रा का स्वागत किया गया द्य भगवान भोलेनाथ के भक्तों ने स्टाल लगाकर जलपान प्रसादी की व्यवस्था की थी । कावड़ यात्रा का नगर में प्रवेश करते ही शक्कर नदी पुल से स्वागत प्रारंभ हो गया था । चुंगी नाका, नए बस स्टैंड, पुरानी गल्ला मंडी, सराफा बाजार, झंडा चौक, चौकी होते हुए कावड़ यात्रा प्राचीन शिव मंदिर पहुंची । सभी स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ प्रसादी वितरण कर कावड़ यात्रा का स्वागत किया गया । कावड़ रखने वाले प्रत्येक कावंडियों को सिद्ध अभिमंत्रित रुद्राक्ष निःशुल्क प्रदान किए गए । यात्रा समापन पर कावड़ यात्रीयों के लिए भोजन प्रसादी कराई गई । कावड़ यात्रा में माताएँ बहने भी भारी संख्या में उत्साह के साथ कावड़ लेकर चल रही थी । आर्यावर्त सांस्कृतिक सामाजिक संस्था के संरक्षक राव उदयप्रताप सिंह कौरव ने कावड़ यात्रा मैं शामिल हुए सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देवों के देव महादेव की अपार महिमा के साथ भगवान भोलेनाथ का सभी भक्तों पर सदा आशीर्वाद बना रहे ।

मूंग उड़द की राशि का नहीं हो रहा भुगतान किसानों में रोष

खाद की कालाबाजारी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

पनागर, यशभारत। क्षेत्र के किसानों द्वारा बेची गई मूंग उड़द की राशि का भुगतान शान द्वारा एक माह बीत जाने के बाद भी नहीं कराया गया तथा पूरे क्षेत्र में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर खाद उपलब्ध नहीं है दूसरी ओर वही खाद प्राइवेट दुकानों में मनवाने दिन पर दम पर बेची जा रही है शासन की चरमराई व्यवस्थाओं के खिलाफ आज जिला कलेक्टर महोदय के नाम एक ज्ञापन पनागर तहसीलदार को सौंपा गया एवं उनसे मांग की गई की सीकरी किसने का भुगतान कराया जाए किसान इस समय कर्ज लेने की स्थिति में है दूसरी फसल सामने हैं उसके पास पैसे की व्यवस्था नहीं है शासन से किसानों को शीघ्र भुगतान नहीं कराया गया एवं कालाबाजारी रोकने आवश्यक कदम नहीं उठाए तो किसान आंदोलन करने मजबूर होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय किसान यूनियन सर्व के प्रदेश अध्यक्ष सम्मती सैनी जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विवेक पटेल भारत कृषक समाज के विमल जैन वीरेंद्र बैरागी पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष तुलसीराम कुशवाहा किसान नेता मुकेश सोनी महाराजपुर सीताराम कुशवाहा अर्जुन पटेल संजय श्रीवास्तव अशोक श्रीवास्तव सुमित यादव सुंदरपुर राकेश यादव तिलगवा रमेश पटेल मनकवारा किशन पटेल सिमरिया सहित सैकड़ो किसान उपस्थित थे शीघ्र निराकरण न होने पर तहसील कार्यालय पनागर के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी इस अवसर पर पनागर नायाब तहसीलदार प्रतीक बनसोड़ द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन भेजने कहां गया एवं निराकरण का आश्वासन भी दिया।

शासकीय कला महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस मनाया

पनागर, यशभारत। शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में आज राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस मनाया गया गया जिसमें महाविद्यालय में समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन के निर्देशन में आयोजित किया गया। छात्र सुदीप सोनी ने सफल उद्यमी कैसे बने पर प्रकाश डाला वही महाविद्यालय की छात्रा कु. कुमकुम बमर्न ने धीरूभाई अंबानी की जीवन यात्रा गरीबी से अमीरी तक की कहानी को बताया। डॉ. मोनिका मसीह, डॉ. सीमा पटारिया एवं कु. पूजा जैन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार का योगदान सराहनीय रहा।

राजीव गांधी जी की जयंती सद्भावना दिवस पर किया याद

बरेला, यशभारत। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यालय भारत रत्न सूचना प्राद्योगिकी के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण कर नमन करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और याद किया इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरविंद तिवारी,ब्लॉक अध्यक्ष सतेन्द्र गर्ग, बरेला मंडलम से नरेश पटेल, रामजी रैकवार, जहीर अहमद, बद्रीपांडे,विजय जैन,विपिन झारिया, भूपेन्द्र यादव, मुन्ना झारिया,सुनील सोनकर, शेख सलीम, दिनेश सोनी,योगेश पटेल, अनुराग पटेल, सागर सिंह गौर, संजू पटेल, सुमन बर्मन,कपिल पटेल, शहीद खान, सुनील चक्रवर्ती, दलवीर झारिया,राजीव गौतम,राजू पाठक, अशोक विश्वकर्मा, सागर नामदेव, मुल्लू विश्वकर्मा, सोरव विश्वकर्मा,सोनू झारिया, अमित शुक्ला आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

बाबाताल में बारह ज्योर्तिलिंग का एक साथ अभिषेक

सिहोरा, यशभारत। श्रावण मास के सांतवे सोमवार को जहां शिवमंदिर बाबाताल में झंकार समिति के तत्वावधान में एक साथ बारह ज्योर्तिलिंग का निर्माण कर अभिषेक किया गया वहीं ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में भक्तों ने सातवें सोमवार को भी पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उनका पूजन अर्चन किया । वैसे तो पूरे श्रावण मास में आस्था के केन्द्र शिवमंदिर बाबाताल में भक्तों का तांता लगा रहता है लेकिन सातवें सोमवार को बारह ज्योर्तिलिंगों के दर्शन के लिए मंदिर को खास तरह से सजाया गया था। सभी का पंडित ब्रजकिशोर गर्ग ने पूर्ण विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक अभिषेक कराया विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। शाम को भी सभी भक्तों ने पहुंचकर बाबाताल सरकार के दर्शन किए एंव ज्योर्तिलिंग तथा पार्थिव शिवलिंग का हिरन नदी मझंगवा घाट में विसर्जन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में ब्राह्मण समाज के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक,जय प्रकाश दुबे,अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया, सूरज पाठक, सुरेन्द्र तिवारी, राजेश चौबे, नीरज पांडे, संजू दुबे, अभितेन्द्र दुबे, मामा कुररिया, डल्लू दुबे, सुरेन्द्र त्रिपाठी , इंद्रकुमार पांडे ,गोपाल पाठक ,संजू दुबे, गोलू पांडे, देवेन्द्रधर बडगैंया, अशोक जयसवाल, राजेश पटेल, प्रमोद बर्मन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

नाग पंचमी पर बेलखाडू में हुआ शस्त्र प्रदर्शन



बेलखाडू , यशभारत। नाग पंचमी का पर्व सोमवार को बेलखाडू में धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने भगवान शिव साथ ही नाग देवता की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की। नाग पंचमी के अवसर पर बेलखाडू के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पड़ाव बस्ती में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शस्त्र प्रदर्शन का आयोजन किया गया वही बेलखाडू के सिमरिया तिराहा पर भी शास्त्र प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों सहित युवा एवं बुजुर्गों ने शस्त्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में लाठी, तलवार, भाला आदि शस्त्रो का पूजन अर्चन कर गाजे बाजे के साथ झन्डा शोभायात्रा पड़ाव बस्ती से मोहास तक निकाली गई जिसमें सदस्यों द्वारा एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज प्रदर्शन किया गया। विशेष रूप से प्रदर्शन के दौरान तलवार घुमाना लेटकर छाती पर लाठी से नारियल फोड़ना प्रदर्शन देखने के लिए जगह-जगह नगरवासी एकत्रित हुए नागपंचमी पर्व पर प्रदर्शन के दौरान लोगों में भारी उत्साह रहा वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सील्ड देकर पुरस्कृत किया गया इस दौरान रज्जन रजक पप्पू साहू सुभाष ठाकुर जितेंद्र लडिया शिवकुमार झरिया रवि चौधरी सोनेलाल बर्मन गणेश चौधरी बिरजू नेहाल गोपाल आकाश अर्पित चंदन आदि रहे।

समय कितना भी कठिन आ जाए धर्म सत्य और न्याय को नहीं छोडना चाहिए: शंकराचार्य

नरसिंहपुर गोटेगांव, यशभारत। धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में परमाराध्य परमधर्माधीशउत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमपूज्य शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराजजी ने अपनी अमृत मय वाणी से धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहाकि कितना भी कठिन समय आ जाए अपने धर्म को,सत्य को और न्याय को नहीं छोड़ना चाहिए जो व्यक्ति धर्म के मार्ग पर चलता है उसका कभीभी घाटा नहीं होता बल्कि फायदा ही होता है नाभाग कथा सुनाते हुए बतायाकि नाभाग के पुत्र राजा अम्बरीश हुए जोकि सात दीपखण्ड के स्वामी थे मगर वह हमेशा भगवान्नाम का चिन्तन करते थेकहते हैं जो व्यक्ति भगवान् में अपना मन लगाए रहता हैं भगवान् उसके पराधीन हो जाते हैं। राजा सगर नामक एक सूर्यवंशी सम्राट् हो चुके हैं उनकी दो नारियां थी बेदमी और शैव्या,शैव्या से एक पुत्र उत्पन्न हुआ जिसका नाम असमन्जस था दूसरी रानी बेदमी ने भी पुत्र कीकामना से भगवान् शंकर की उपासना की शंकर के वरदान से उसे भी गर्भ हो गया पूरे सौ वर्ष बीत जाने पर उसके गर्भ से एक मांसपिण्ड की उत्पत्ति हुई,तब एक बार राजा सगर ने सौ अश्वमेघ यज्ञ करने का संकल्प किया तब वे निन्यानवे यज्ञ कर चुके तथा सौवाँ यज्ञ करने के लिए उन्होंने अपना श्याम वर्ण घोड़ा छोड़ा तो इन्द्र ने यह समझ करकि राजा सगर के सौ अश्वमेघ यज्ञ पूरे हो जाने पर इन्द्रासन न छिन जाए उनके घोड़े को कपिल मुनि के आश्रम में ले जाकर बांध दिया राजा सगर के साठ हजार तेजस्वी पुत्र घोड़े को खोजते कपिल मुनि के आश्रम तक पहुंच गये अश्व को वहाँ देखकर उन्हें बड़ी प्रसन्नता हुई और वह मुनि को प्रणाम किये बिना उस अश्व कोपकड़ने दौड़े अपना ऐसा अनादर देखकर कपिल मुनि क्रोध में आ गए थें,भगवान् ने गंगा से कहा- हे सुरेश्वरी ! तुम अभी भारतवर्ष में जाओ और मेरी आज्ञानुसार सगर के सभी पुत्रों को पवित्र करो तब श्री गंगाजी ने पृथ्वी पर आना स्वीकार कर लिया जिस समय गंगा पृथ्वी पर आने को हुई तो उस समय उनके वेग को संभालने के लिए शिवजी ने उन्हें अपने मस्तक पर धारण किया और वे गंगाधर के नाम से विख्यात फिर जब जटाओं में से उन्होंने एक बूंद छोड़ी तो गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ गंगा भूतल पर उतर कर राजा भगीरथ के पीछे पीछे चली फिर राजा भगीरथ गंगा की स्तुति करके उन्हें अपने साथ ले गंगा सागर पहुंचे जहां सगर के साठ हजार पुत्र जलकर भस्म हो गए थे परम पवित्र गंगाजल का स्पर्श पाकर वे राजकुमार वैकुण्ठ को चले गए भगीरथ अपने पूर्वजों को तारकर कृत कृत्य हो गए चूंकि राजा भगीरथ गंगा को पृथ्वी पर लाए इसलिए गंगा (गंगा जी) को भागीरथी भी कहा जाता है उसके उपरांत व्यासपीठ पर आसीन होने पर श्रीमद भागवत कथा के यजमान रहे शुभम मिश्रा,श्रीमति रुचि मिश्रा चंदपुरा)पं रामकिशोर दीक्षित राकेश शर्मा पं.रीतेश पांडे पंकज खरया एव मित्र मंडली ने व्यासपीठ का पूजन एवं पादुका पूजन कर पूज्य शंकराचार्य जी का आशीर्वाद लेने के उपरांत मंच पर प्रमुख रूप से शंकराचार्य जी महाराज के निजी सचिव चातुर्मास्य समारोह समिति अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द जी ज्योतिष्पीठ पं.आचार्य रविशंकर द्विवेदी शास्त्रीजी ज्योतिषपीठ शास्त्री पं.राजेन्द्र शास्त्रीजी दंडीस्वामी श्री अम्बरीशानन्दजी महाराज पं. राजकुमार तिवारी ,ब्रह्मचारी, आदि ने अपने विचार व्यक्त किए मंच पर प्रमुख रूप से पूज्यपाद शङ्कराचार्य जी महाराज की पूर्णाभिषिक्त शिष्या साध्वी पूर्णाम्बा एवं साध्वी शारदाम्बा परमहंसी गंगा आश्रम व्यवस्थापक सुंदर पांडे उपस्तिथ रहे मंच का संयोजन अरविन्द मिश्र एवं संचालन ब्रम्हचारी ब्रम्हविध्या नन्दजी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रम्हचारी विमलानंदजी पंडित आनंद तिवारी जगद्गुरुकुलम् संस्कृत विद्यापीठ के प्रधानाचार्य पद्मनाभर्ध द्विवेदी,उप प्रधानाध्यापक शारदानंद द्विवेदी सोहन तिवारी माधव शर्मा बद्रीचौकसे नारायण गुप्ता मनोज यादव कपिल नायक सहित श्रीमद भागवत पुराण का रस पान कर बड़ी संख्या में गुरुभक्तों ने अपना मानव जीवन को धन्य बनाया भागवत भगवान की कथा आरती के उपरांत महाभोग प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बंधुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाया।

जोकोविच ने अल्कराज को हराकर बराबर किया हिसाब, मैराथन मुकाबले के बाद जीता खिताब

नई दिल्ली, एजेंसी। वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में नोवाक जोकोविच ने कार्लोस अल्कराज को तीन सेट तक चले मैच में हराकर खिताब अपने नाम किया। वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में नोवाक जोकोविच के सामने कार्लोस अल्कराज थे। जोकोविच और अल्कराज के बीच इस मुकाबले में करारी टक्कर देखने को मिली, जहां सर्बियाई खिलाड़ी ने एक लंबे मुकाबले के बाद जीत हासिल की। इसी के साथ जोकोविच ने विंबलडन के फाइनल मुकाबले में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया।

जोकोविच ने हासिल की जीत

जोकोविच ने ये मैच 5-7, 7-6 (7), 7-6 (4) से जीतकर अल्कराज से अपना हिसाब बराबर किया। यह मैच तीन घंटे 49 मिनट तक चला जो कि 1990 के बाद एटीपी टूर के इतिहास में सबसे लंबा तीन सेट वाला फाइनल था। दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच के करियर का यह 95वां खिताब है और वह इवान लेंडल को पीछे छोड़कर 1968 के बाद ओपन युग में सर्वाधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। सर्बिया के रहने वाले जोकोविच कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधों के कारण पिछले दो सालों में अमेरिकी धरती पर अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे थे। उन्होंने पांचवें मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज करके 6 सालों में सिनसिनाटी में अपना तीसरा खिताब जीता।

जीत के बाद दिया ये बयान

जोकोविच ने मैच के बाद कहा कि मैंने जितने भी टूर्नामेंट खेले उन सभी में यह सबसे अधिक रोमांचक मैचों में से एक था। मुझे ऐसा लगा जैसे कि मैं ग्रैंडस्लैम में खेल रहा हूं। यह सिनसिनाटी में खेला गया सबसे लंबी अवधि का मैच था। पिछला रिकॉर्ड 2010 में बना था जब रोजर फेडरर ने मार्डी फिश को दो घंटे 49 मिनट में हराया था। अल्कराज ने पिछले महीने विंबलडन के फाइनल में जोकोविच को पांच सेट में पराजित किया था।

डेब्यू मैच में चमके वार्ड-प्रूज, वेस्ट हैम ने चेल्सी को 3-1 से धोया

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रीमियर लीग में रविवार रात चेल्सी और वेस्ट हैम यूनाइटेड के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच में वेस्ट हैम की टीम ने 3-1 से शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले में वेस्ट हैम के लिए स्टार इंग्लिश मिडफील्डर जेम्स वार्ड-प्रूज ने अपना डेब्यू भी किया। वार्ड प्रूज ने इस मुकाबले में दो शानदार असिस्ट के दम पर अपनी टीम को जीत दिलाई। बता दें कि वेस्ट हैम की टीम ने 10 खिलाड़ियों से खेलने के बावजूद चेल्सी को करारी मात दी। वार्ड-प्रूज, जो इस सप्ताह टीम में शामिल हुए, उन्होंने एक बेहतरीन कॉर्नर दिया जिसे नायेफ एगुएर्ड ने हेडर के जरिए 7वें मिनट में ही गोल पोस्ट में दाग दिया। इस गोल के साथ वेस्ट हैम की टीम 1-0 से आगे हो गई। हालांकि कार्नी चुक्कुएमेका ने 28वें में चेल्सी की मैच में बराबरी करा दी। हालांकि एंजो फर्नांडीज हाफ टाइम से पहले चेल्सी के लिए पेनाल्टी पर गोल करने से चूक गए।

53वें मिनट में वेस्ट हैम ने बनाई बढ़त

वेस्ट हैम ने फिर से बढ़त बना ली जब वार्ड-प्रूज ने माइकल एंटोनियो को एक और शानदार पास दिया जिसपर स्ट्राइकर ने 53वें में कॉर्नर से एक शॉट के साथ शानदार गोल किया। नायेफ एगुएर्ड, जिन्होंने वेस्ट हैम के लिए पहला गोल किया था उन्हें 67वें मिनट में रेड कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया।

टी20 इंटरनेशनल में सूर्यकुमार यादव से आगे निकला मार्क चैपमेन, बना दिया नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। टी20 इंटरनेशनल में एक बल्लेबाज ने सूर्यकुमार यादव को पछाड़ दिया है। सूर्या अभी कुछ दिन टी20 क्रिकेट से दूर रहेंगे। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी20 में अपनी घातक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। सूर्या ने टी20 इंटरनेशनल में अपने डेब्यू के बाद से कई बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं। सूर्या आने वाले महीनों में टी20 इंटरनेशनल मैचों से दूर हैं। आयरलैंड में खेले जा रहे टी20 सीरीज में भी वह स्क्वाड का हिस्सा नहीं है। माना जा रहा है कि वह अभी वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया के प्लान का हिस्सा हैं।

सूर्या आईसीसी की टी20 रैंकिंग में अभी पहले स्थान पर हैं। ये बात और है कि आने वाले कई महीनों तक उनकी इस कुर्सी पर कोई खतरा नहीं है। लेकिन एक मामले में उन्हें न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ने पछाड़ दिया है। सूर्या इस साल सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल रन बनाने वालों बल्लेबाजों की लिस्ट में कुछ ही दिनों में पहले स्थान से खिसककर तीसरे नंबर पर आ गए हैं।

इस बल्लेबाज ने सूर्या को पछाड़ा

सूर्यकुमार यादव ने साल 2023 में अब तक 11 मैचों की दस पारियों में बल्लेबाजी कर 433 रन अपने नाम किए हैं। इस दौरान उनका औसत 54.12 का है और स्ट्राइक रेट 150.34 का है। वे इस साल एक शतक और तीन अर्धशतक लगा चुके हैं। लेकिन अब वे कम से कम तीन महीने तक कोई भी टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेलेंगे। इसी बीच पहले तो माल्टा के एक खिलाड़ी जिशान खान ने उन्हें इस मामले में पछाड़कर उन्हें दूसरे स्थान पर कर दिया और अब न्यूजीलैंड के एक खिलाड़ी ने इन दोनों को पीछे करते हुए पहले स्थान पर अपना कब्जा कर लिया है। ऐसे में सूर्या इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

बना दिया नया रिकॉर्ड

न्यूजीलैंड की टीम इस वक्त यूएई के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। इस दौरान मार्क चैपमैन ने सूर्यकुमार यादव को इस साल टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने का मामले में पछाड़ दिया है। मार्क चैपमैन ने इस साल 14 मैचों की 13 पारियों में 482 रन बना लिए हैं। वहीं इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर जिशान खान 478 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। वहीं सूर्या तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

रिंकू सिंह ने टीम इंडिया के लिए किया कमाल पहली ही पारी को बनाया यादगार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 185 रन बनाए। भारत की ओर से इस दौरान रुतुराज गायकवाड़ ने सर्वाधिक 58 रनों की पारी खेली। एक समय ऐसा लग रहा था कि टीम इंडिया बड़ा स्कोर नहीं बना पाएगी, लेकिन रिंकू सिंह ने भारत के लिए अपनी पहली ही पारी में कमाल कर दिखाया और टीम इंडिया को एक बड़े टोटल तक पहुंचा दिया। आयरलैंड के खिलाफ खेले जा रहे टी20 सीरीज के पहले ही मुकाबले में रिंकू सिंह को टीम इंडिया की ओर से डेब्यू करने का मौका मिला था। लेकिन पहले मैच में बारिश के कारण उनकी बल्लेबाजी नहीं आ सकी थी। फैंस रिंकू सिंह को एक बार टीम इंडिया के लिए बैटिंग करते देखना चाह रहे थे। फैंस और रिंकू की ये इच्छा दूसरे मैच में पूरी हो भी गई। जब रिंकू सिंह को टीम इंडिया के लिए एक शानदार पारी खेलने का मौका मिला। टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में रिंकू सिंह ने 21 गेंदों पर 180.95 की स्ट्राइक रेट से 38 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 2 चौके और 3 छक्के भी जड़े। रिंकू की पारी के ही कारण टीम इंडिया ने इतने बड़े टोटल को हासिल किया। उन्होंने इस पारी को शानदार तरीके से फिनिश कर एक बार फिर से ये दिखाया है कि वह आने वाले समय में टीम इंडिया के लिए मैच फिनिशर की भुमिका निभा सकते हैं।

एमएस धोनी के अंडर तैयार हो रहा टीम इंडिया का नया कप्तान, पूर्व विकेटकीपर ने कही बड़ी बात

नई दिल्ली,ईएमएस। भारत के पूर्व चयनकर्ता किरण मोरे ने टीम इंडिया के लिए कप्तानी के दावेदार के रूप में युवा बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ का समर्थन किया है। मोरे ने 26 वर्षीय खिलाड़ी की बल्लेबाजी की सराहना की और कहा कि उनका स्वभाव शानदार है। उन्होंने कहा कि गायकवाड़ ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एमएस धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए टीम और परिस्थितियों को संभालने जैसी चीजें सीखी होंगी। गौरतलब है कि गायकवाड़ ने 2020 में अपना आईपीएल डेब्यू किया था। उन्होंने तब से टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उन्होंने अपना अधिकांश प्रदर्शन धोनी की कप्तानी में किया है।

क्या बोले टीम इंडिया के पूर्व विकेटकीपर

जियोसिनेमा पर गायकवाड़ के बारे में बात करते हुए मोरे ने कहा कि वह भारत के भविष्य के कप्तान भी हो सकते हैं, उनका स्वभाव बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा, वह एमएस धोनी के नेतृत्व में खेल रहे हैं, इसलिए उन्होंने टीम को संभालने और परिस्थितियों से निपटने के बारे में चीजें सीखी होंगी। वह एक गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं और मैं उनके टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहा हूं। रोहित शर्मा वर्तमान में वनडे और टेस्ट में भारतीय टीम के कप्तान हैं, जबकि हार्दिक पंड्या टी20ई में टीम की कप्तानी कर रहे हैं। गायकवाड़ के बारे में बात करे तो, उन्होंने पहले ही भारत के लिए वनडे और टी20ई में खेल खेले हैं, लेकिन उन्हें अभी तक अपना पहला टेस्ट मैच खेलना बाकी है। मोरे ने कहा कि वह इस फॉर्मेट में खिलाड़ी के डेब्यू का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा कि मैं उनके टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि दोनों गायकवाड़ और यशस्वी जयसवाल उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं। रुतुराज सभी प्रारूप खेल सकते हैं, उनके बेसिक्स बहुत सही हैं।

एशियन गेम्स में मिली बड़ी जिम्मेदारी

भारतीय क्रिकेट टीम इस साल एशियन गेम्स में हिस्सा ले रही है। एशियन गेम्स का आयोजन 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के लिए बीसीसीआई ने टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। इस टीम में सिर्फ युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। जिसकी कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ के हाथों में है। गायकवाड़ इस वक्त आयरलैंड में खेले जा रहे टी20 सीरीज में भी उप-कप्तान बनाए गए हैं। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि गायकवाड़ को लेकर बीसीसीआई काफी आगे का सोच रही होगी।

टोटेनहम हॉटस्पर की शानदार जीत, रोमांचक मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड को दी मात

नई दिल्ली, एजेंसी। टोटेनहम हॉटस्पर की टीम अपने स्टार खिलाड़ी हैरी केन के बिना इंग्लिश प्रीमियर लीग के एक अहम मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ उतरी। इस मुकाबले में टोटेनहम ने 2-0 से शानदार जीत दर्ज की। टोटेनहम के लिए इस मैच में पेप मातर सर ने दूसरे हाफ की शुरुआत में गोल किया और वहीं मैनचेस्टर के ही खिलाड़ी लिसेंड्रो मार्टिनेज ने ओन गोल करके अपनी टीम को दो गोल से पीछे दो करा दिया।

दूसरे हाफ में आया सर का गोल

हैरी केन के बायर्न म्यूनिख में जाने के बाद क्लब और फैंस को टीम से उम्मीद थी कि वो घर में अच्छा प्रदर्शन करेगी। पहले हाफ में दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर पाई। लेकिन सर ने 49वें मिनट में टोटेनहम को आगे कर दिया। जब डेजन कुलुसेव्स्की ने दाहिनी ओर से अच्छा रन बनाया और वो दूसरी टीम के हाफ में घुस गए। स्वेड का क्रॉस सर के पास पहुंचा और उन्होंने बिना कोई गलती करते हुए गोल कर दिया।

यूनाइटेड ने भी किए हमले

यूनाइटेड ने लगभग तुरंत प्रतिक्रिया दी; एंटनी ने दूसरे छोर पर बाएं पैर के कर्लर से पोस्ट को हिट किया और टोटेनहम के गोलकीपर गुग्लिल्मो विकारियो ने 56वें में बॉक्स में फ्री किक के बाद कासेमिरो के हेडर को रोकने के लिए एक हाथ से गोता लगाकर बचाव किया। गोलकीपर ने ब्रूनो फर्नांडीस को रोकने के लिए एक और बचाव किया, और टोटेनहम द्वारा अच्छी तरह से काम किए गए पासिंग मूव के बाद दूसरे छोर पर सोन ह्युंग-मिन का शॉट खराब हो गया।

ओन गोल से मिली दोगुनी बढ़त

खेल की गति थोड़ी शांत होने के बाद, टोटेनहम ने थोड़े से भाग्य के साथ अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। इवान पेरिसिक ने बेन डेविस की ओर हाफ में एक क्रॉस भेजा, जो गोल पर शॉट भेजने की कोशिश में साफ संपर्क नहीं बना सका।

रंग संसार

खतरों के खिलाड़ी13 से बाहर हुईं डेजी शाह, इस हफ्ते के एलिमिनेशन से उड़े कंटेस्टेंट्स के होश

मुंबई, ईएमएस। रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 13 से डेजी शाह बाहर हो गई हैं। इस शो ने शुरू होते ही टीआरपी और रेटिंग लिस्ट में धमाल मचा दिया। स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 को रोहित शेट्टी होस्ट कर रहे हैं। शो से डेजी शाह के एलिमिनेट होने के बाद से बाकी कंटेस्टेंट्स हैरान हैं क्योंकि अब इस शो से किसी भी वक्त कोई भी बाहर हो सकता है। डेजी शाह के एलिमिनेशन के बाद सौंदस मौफाकिर, अर्जित तनेजा, नायरा बनर्जी, शीजान खान, रशमीत कौर, डिनो जेम्स, शिव ठाकरे, अर्चना गौतम और ऐश्वर्या शर्मा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलने वाल है।

खतरों के खिलाड़ी 13 से बाहर हुई डेजी शाह

खतरों के खिलाड़ी 13 में बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह एक मजबूत कंटेस्टेंट के तौर पर देखी जा रही थीं। शो में उन्होंने अब तक सभी टास्क को बहुत बहादुरी से किया था। एक्ट्रेस के बाहर होने से सबसे ज्यादा दुख शिव ठाकरे को हुआ है। डेजी शाह के शो से बाहर होने पर अभी तक बाकी कंटेस्टेंट्स को विश्वास नहीं हो रहा है कि डेजी इतनी जल्दी शो से एलिमिनेट हो जाएगी।

डेजी शाह– हम सिर्फ दोस्त हैं

खतरों के खिलाड़ी 13 में एक्ट्रेस डेजी शाह और शिव ठाकरे के बीच अच्छी दोस्ती हो गई है। लोगों को दोनों की ये खास बॉन्डिंग बहुत पसंद आई। वहीं कुछ समय पहले दोनों के अफेयर की खबरें सामने आने लगी था, जिस पर डेजी ने सफाई देते हुए कहा ता कि वे शिव को डेट नहीं कर रही हैं, हम सिर्फ दोस्त हैं।

डेजी शाह के बारे में

बता दें कि डेजी शाह फिल्म जय हो में सलमान खान के साथ दिखाई दी थीं। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में देखा गया। हेट स्टोरी 3 और रेस 3 में भी एक्ट्रेस नजर आ चुकी हैं।

आम्रपाली दुबे से लेकर मोनालिसा तक, इन भोजपुरी ऐक्ट्रेसेज ने बिखेरा छोटे पर्दे पर भी अपना जलवा

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में कई खूबसूरत ऐक्ट्रेसेस हैं, जो आज दुनियाभर में अपनी ऐक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। इनमें से कई ऐक्ट्रेसेस ऐसी भी हैं जो आज भोजपुरी इंडस्ट्री पर राज करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन ऐक्ट्रेसेज ने हिंदी धारावाहिकों में भी अपना जलवा बिखेरा है। कई ऐक्ट्रेस भोजपुरी फिल्मों से हिंदी धारावाहिकों में आई तो कई ऐसी भी रहीं जो हिंदी धारावाहिक करने के बाद भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की ओर चली गई और अब वहां राज कर रही हैं। आज हम आपको ऐसी ही अभिनेत्रियों से मिलवाने जा रहे हैं, जो भोजपुरी सिनेमा के अलावा टीवी जगत में भी अपना नाम कमा चुकी हैं। टीवी सीरियल उतरन से घर-घर में पहचान बनाने वालीं ऐक्ट्रेस रश्मि देसाई ने अपने शुरुआती करियर में गुजराती और भोजपुरी फिल्मों में काम किया है। रश्मि ने कई भोजपुरी फिल्में जैसे बंबई की लैला छपरा का छैला, तोसे प्यार बा, बलमा बड़ा नादान, प्यार जब केहू से होई जाला और कब होई गवनवा हमार फिल्मों में काम किया है।

जितेंद्र को भी चढ़ा ड्रीम गर्ल फीवर, एकता और तुषार से छिपकर पूजा से कर रहे प्यार भरी बातें

मुंबई, एजेंसी। आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 25 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में आयुष्मान उर्फ पूजा के किरदार में नजर आने वाले हैं। ड्रीम गर्ल 2 की स्टार कास्ट इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, पूजा के किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। आयुष्मान उर्फ पूजा का जादू अब बॉलीवुड के एक्टर जितेंद्र पर भी चलता दिखाई दे रहा है।आयुष्मान खुराना की सुपर कॉमेडी मूवी ड्रीम गर्ल 2 की रिलीज का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट भी लोगों को बहुत पसंद आया था। इस बार फिल्म में नए चेहरे देखने को मिलने वाले हैं। ड्रीम गर्ल 2 में आयुष्मान खुराना करीब चार साल का बाद फिर से पूजा बनकर वापसी कर रहे हैं।

आयुष्मान खुराना ने पूजा बन कर पठान- शाह रुख खान, किसी का भाई किसी की जान- सलमान खान और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी- रणवीर सिंह के साथ फ्लर्ट करते हुए नजर आ चुकी है। अब पूजा एकता और तुषार से छिपकर जितेंद्र से बातें करते नजर आ रही है। इस वीडियो को देखकर फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। इस वीडियो को आयुष्मान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में जितेंद्र सबी से छुपकर पूजा से बात करते दिखाई दे रहे हैं। पूजा को फोन करते हैं और कहते हैं, हैलो पूजा... उधर से पूजा की प्यारी अवाज सुन जितेंद्र खुश हो जाते हैं, पूजा कहती है, पायलागू अंकाल, जितेंद्र कहते हैं अंकाल नहीं जीतू बोलो। तभी पूजा कहती है, नाम लेने से डर लगता है जितेंद्र कहते हैं कि वैसे तुम कब आ रही हो। लोगों को दोनों की यह वीडियो बहुत पसंद आ रही है। ड्रीम गर्ल 2 में आपको कॉमेडी, रोमांस और ड्रामा देखने को मिलेगा। एकता कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित और राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित यह फिल्म 25 अगस्त 2023 को रिलीज होगी। फिल्म में आयुष्मान खुराना के साथ अनन्या पांडे लीड रोल में हैं।

जेल से छूटते ही राखी सावंत के पति आदिल के बदले तेवर, कहा- अब मैं बताऊंगा सच्चाई!

मुंबई, ईएमएस। राखी सावंत की शादी ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। शादी के कुछ दिनों बाद ही पति आदिल के जेल जाने का मामला सामने आया था। अब राखी सावंत के पति आदिल जेल से छूट गए हैं। बाहर निकलते ही आदिल का बदला तेवर देखने को मिला।

राखी सावंत और आदिल दुरानी

राखी सावंत को उनके बोल्ड और बिंदास अंदाज के लिए जाना जाता है। राखी कुछ भी करने से पहले ज्यादा सोचती नहीं हैं। वो काफी बेफिक्र हैं। राखी का स्टाइल भी बॉलीवुड के और स्टार्स से बिल्कुल जुदा है। इसलिए राखी खबरों में बनी रहती हैं। उनका कोई भी वीडियो झट से वायरल हो जाता है। बीते दिनों राखी सावंत अपने पति को लेकर खूब चर्चा में रही थीं। अचानक से शादी, फिर मारपीट का मामला और इसके बाद पति के जेल पहुंचने की खबर सामने आई थी। अब राखी के पति आदिल दुरानी जेल से छूट गए हैं और वो कई खुलासे करने की बात कर रहा हैं।

आदिल दुरानी ने कहा- मुझे फंसाया गया

जेल से बाहर आने के बाद राखी सावंत के पति आदिल दुरानी को स्पॉट किया गया। ईटाइम्स के एक वीडियो में आदिल का कहना है कि उनको राखी सावंत ने फंसाया है। उनकी कोई गलती नहीं थी, बल्कि उन्हें इस पूरे मामले में फ्रेम किया गया। आदिल का कहना है कि प्रेस कॉन्फ्रेंस कर के इस मामले की पूरी जानकारी देंगे। इसके साथ ही आदिल ने कहा कि वो राखी की तरह तोड़-तोड़ मामला नहीं बताना चाहते हैं। राखी से मुलाकात की बात पर आदिल चुप रहे। वहीं करोड़ों के मामले की बात पर आदिल ने कहा कि वो प्रेस कॉन्फ्रेंस कर के बताएंगे कि वो राखी को करोड़ों देने वाले हैं या राखी उन्हें करोड़ों देने वाली हैं। आदिल का कहना है कि राखी के साथ कई और लोगों ने मिलकर उन्हें फंसाया था।

राखी ने लगाए थे ये आरोप

बता दें, आखिरी बार राखी टीवी रियालिटी शो बिग बॉस मराठी में नजर आई थीं। शो से बाहर आने के बाद राखी की मां का निधन हो गया। बिग बॉस मराठी में राखी को सपोर्ट करने आदिल दुरानी भी पहुंचे थे। इसी बीच उनकी शादी और उनके साथ हुए डोमेस्टिक वॉयलेंस का खुलासा हुआ। राखी ने आदिल से शादी के बाद डोमेस्टिक वॉयलेंस और धोखाधड़ी का आरोप लगाया था, जिसके बाद मामला कोर्ट में पहुंचा। इसके बाद से ही आदिल पुलिस की गिरफ्त में था, लेकिन अब वो बाहर आ गया है। इसके बाद लगातार राखी ने आदिल पर कई आरोप लगाए और कहा कि दुबई के बिजनेस से लेकर गाड़ियां खरीदने में उसे कैसे ठगा गया था। वहीं अब तक आदिल का पक्ष सामने नहीं आया था। ऐसे में लोगों को आदिल का पक्ष जानने का इंतजार है।

moviemagic
#Magically Refreshed

ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI
9:15 AM 10:15 AM
1:30 PM 3:30 PM
4:45 PM 6:30 PM
7:45 PM 9:30 PM
10:45 PM

M. I. 2D
Hindi 10 AM

BAIPAN BHAARI DEVA
MARATHI
12:30 PM

OPPENHEIMER 2D
English 7 PM
Hindi 1:15 PM 10:30 PM

BARBIE
ENGLISH
4:30 PM

SPECIAL OFFER
ENTIRE DAY ALL SHOWS AT JUST ₹ 95/-
For Enquiry, Contact: 07612662222

ADVANCE BOOKING OPEN FOR GADAR 2

Call for booking 9755561144
Online Booking visit bookmyshow
INTRODUCING RECLINER
SR CINEMA

ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI
09:00 AM 12:15 PM 03:30 PM
04:00 PM 06:45 PM 07:15 PM
10:00 PM

OPPENHEIMER
09:00 AM 12:30 PM
10:30 PM

SR MALL Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)

मामा के दिए
पंखों से मिला SKY

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान
द्वारा
ऑन जॉब ट्रेनिंग का शुभारंभ

14,450 से ज्यादा युवाओं को मिलेंगे ऑफर लेटर

S SEEKHO **K** KAMAO **Y** YOJANA

ट्रेनिंग, नौकरी और ₹ 10,000 तक स्टाइपेंड भी

कार्यक्रम
22 अगस्त 2023 | शाम 6:00 बजे

शासकीय महात्मा गांधी
उ.मा. विद्यालय, भेल, भोपाल

योजना में पंजीयन के लिए
https://mmsky.mp.gov.in/
पोर्टल पर विजिट करें

D-11086

सीधा प्रसारण DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी